दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 13 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 527



## संक्षिप्त खबरें ।

### सीएम नीतीश के बेटे निशांत का राजनीति में डेब्यू से पहले विरोध! बीजेपी कार्यालय के बाहर लगा पोस्ट



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री के चर्चा के बीच पटना में पोस्टर लगाए गए है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है. पोस्टर बीजेपी कार्यालय के बाहर लगाया गया है. पोस्टर कांग्रेस के कार्यकर्ता की तरफ से लगवाया गया है. पोस्टर पर एक तरफ सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की तस्वीर है. दूसरी तरफ पोस्टर लगवाने वाले रवि गोल्डन कुमार की तस्वीर हैं। पोस्टर में दोनों के बीच हरनौत विधानसभा से 2025 में आमने सामने की लड़ाई दिखाई गई है. एक तरफ तीर का निशान है तो दूसरी तरफ हाथ का निशान है. पोस्टर में निशांत कुमार को राजा का बेटा बताया गया है. वहीं, रवि गोल्डन कुमार को प्रजा का बेटा. पोस्टर पर लिखा हुआ है राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा. हरनौत की जनता जिसको चाहेगा राजा वही बनेगा. पोस्टर में सबसे ऊपर नीतीश कुमार और निशांत की साथ में तस्वीर है वही ठीक बगल में राहुल गांधी और रवि गोल्डन की साथ में तस्वीर है। दरअसल, इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जदयू निशांत कुमार को राजनीति में लॉन्च करना चाह रही है. चर्चा तो यहां तक हो रही है कि होली के बाद निशांत कुमार जदयू ज्वाइन कर सकते हैं. वहीं, संभावना जताई जा रही है कि निशांत कुमार को उनके पिता के विधानसभा क्षेत्र हरनौत से चुनाव लड़ाया जा सकता है. हालांकि, अभी मौजूदा वक्त में इस सीट से जदयू के विधायक हरि नारायण सिंह हैं।

### फिर छिड़ेगी जंग! बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा और आसपास में सेना की तैनाती बढ़ाने का आदेश दिया

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में एक बार फिर से जंग शुरू होने का खतरा बढ़ गया है। इजरायल के एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश की सेना को गाजा पट्टी और इसके आस-पास के क्षेत्रों में सैनिकों की तैनाती बढ़ाने का आदेश दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को हमास को बंधकों को रिहा नहीं करने पर संघर्ष-विराम समझौते से पीछे हटने और गाजा पट्टी में फिर से लड़ाई शुरू करने की धमकी दी है।

**क्यों खतरे में पड़ा सीजफायर?:** आपको बता दें कि कुछ ही दिनों पहले इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम को लेकर समझौता हुआ था। इसके तहत हमास द्वारा कई चरणों में इजरायली बंधकों को रिहा किया जा रहा है। वहीं, बदले में इजरायल भी सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर रहा है। हालांकि, हमास ने शनिवार को प्रस्तावित बंधकों की रिहाई को टालने की धमकी दी है। बता दें कि हमास अब तक 21 इजरायली बंधकों को रिहा कर चुका है।

**हर स्थिति के लिए तैयार रहें:** इजरायल के अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि अगर हमास शनिवार को बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो वे हर स्थिति के लिए तैयार रहें। सामने आई जानकारी के मुताबिक, हमास की धमकी को लेकर बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को अपनी सुरक्षा कैबिनेट के साथ चार घंटे तक बैठक की है।

**हमास ने क्यों टाली बंधकों की रिहाई?:** इजरायल और हमास के बीच करीब 15 महीनों तक जंग जारी रहने के बाद हाल ही में सीजफायर का समझौता हुआ है। हालांकि, सोमवार को हमास ने कहा है कि समझौते के तहत गाजा पट्टी में पर्याप्त राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जा रही है। इस कारण वह शनिवार को होने वाली तीन और बंधकों की रिहाई टाल रहा है।

## दिल्ली चुनाव के साइड इफेक्ट, कांग्रेस से मोलभाव करने में लालू यादव के का सहयोग होगा?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले से ही बिहार कांग्रेस के नेता 70+ सीटों के लिए आवाज बुलंद कर रहे थे. अब जब यह दावे किए जा रहे हैं कि कांग्रेस ने थोड़ा दम क्या लगाया, आम आदमी पार्टी दिल्ली में हार गई तो देश की सबसे पुरानी पार्टी को लेकर क्षेत्रीय दलों का भयभीत होना स्वाभाविक है. बिहार की ही बात करते हैं, जहां राष्ट्रीय जनता दल के नेता कांग्रेस नेताओं के 70+ के दावे का पहले मजाक उड़ाते थे. अब उन्हें कांग्रेस को लेकर अपनी जुबान को कंट्रोल में रखना होगा. राजद नेता पहले अंदर ही अंदर कांग्रेस को 50 से कम सीटें देने की बात करते थे, लेकिन अब उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा. कांग्रेस से मोलभाव करने में खुद लालू प्रसाद यादव के होश फाख्ता हो सकते हैं. देखने वाली बात यह होगी कि राजद के दोनों धुरंधर टीम राहुल से कैसे डील करती है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को भले ही तीसरी बार 0 सीटें आई हैं, लेकिन उसके हौंसले सातवें आसमान पर हैं. वह अपने नाम के आगे आम आदमी पार्टी को हराने की उपलब्धि चिपकाने की कोशिश में है. यह कांग्रेस के लिए इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि दिल्ली चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक में शामिल सभी क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को एक तरह से इग्नोर कर दिया था और आम आदमी पार्टी को नैतिक समर्थन दे दिया था. बात करें लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उमर अब्दुल्ला, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे आदि की तो इनलोगों ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की थी. अखिलेश



यादव ने तो बाकायदा खुद आम आदमी पार्टी के पक्ष में रोड शो किया था. अब चुनाव के बाद इन दलों को सांप सूंघ गया है. मंथन चल रहा है कि कैसे कांग्रेस से आगे डील की जाए।

इस बीच बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने ऐलान कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी. उन्होंने जोर देते हुए आगे कहा कि इस मांग से कम में कोई समझौता नहीं होने जा रहा है. जाहिर है अगर राजद इस पर राजी होती है तो ठीक अन्यथा कांग्रेस गठबंधन तोड़ने के के बारे में सोच सकती है. कांग्रेस की ओर से यह भी आवाज बुलंद हो रही है कि महागठबंधन के जीतने की स्थिति में 2 डिप्टी सीएम उसकी ओर से होंगे, जिसमें एक उच्च जाति से तो एक मुसलमान समुदाय से हो सकता है. कांग्रेस नेता प्रेम चंद्र मिश्रा मानते हैं कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी गठबंधन सफल नहीं हो सकता।

हालांकि दिल्ली चुनावों के बाद कांग्रेस नेताओं के बयान पर जब राजद नेता तेजस्वी यादव से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा, सीटों को लेकर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है. कौन क्या बोलता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. आपलोग जानते हैं कांग्रेस में फैसले कौन लेता है, उस पर फोकस करें. बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया था. उसने 70 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल 19 पर जीत हासिल की थी. यही हाल लोकसभा चुनाव में राजद का हुआ था. लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 में से 23 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल ने चुनाव लड़ा था और केवल 4 पर जीत हासिल की थी. लोकसभा चुनाव में 9 सीटों पर लड़कर कांग्रेस 3 पर जीती थी. इस कारण कांग्रेस का स्ट्राइक रेट बेहतर है और वह इसी को आधार बनाकर अधिक से अधिक सीटें खुद के लिए मांग रही है। दिल्ली चुनाव के बाद कांग्रेस ने एक तरह से क्षेत्रीय दलों को संदेश दिया है कि वह किसी के सामने अब झुकने और गिड़गिड़ाने की हालत में नहीं आने वाली है और फ्रंटफुट पर आकर बैटिंग करने वाली है. चाहे किसी दल से गठबंधन रहे या न रहे. यूपी में सपा, बिहार में राजद, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, पश्चिम बंगाल में वाम दल, महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार की एनसीपी को आज कांग्रेस का यह संदेश स्पष्ट हो गया होगा। इस साल चूंकि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं तो सीटों पर तालमेल करने को लेकर लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर दबाव बढ़ गया होगा. यह देखना होगा कि लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव कांग्रेस को कितनी सीटें देते हैं.

## इंडिया में आने का 'यही सही समय है' भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में पीएम मोदी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में एआई शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांसीसी निवेशकों को आकर्षित करते हुए एक संबोधन में कहा कि भारत आने का यही समय श्रेष्ठ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस की कंपनियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि वे भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनकर असीमित अवसरों पर विचार करें। प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों से कहा कि भारत में निवेश करने का यह ''सही समय'' है। पेरिस में 14वें 'भारत-फ्रांस सीईओ फोरम' में मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल हुए। अपने संबोधन में मोदी ने भारत-फ्रांस के बीच बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक सहयोग और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को इससे मिले प्रोत्साहन का उल्लेख किया।

**मार्सिले में उद्घाटन से पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर बज रहा ढोल:** मार्सिले में उद्घाटन से पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर ढोल बजाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन संयुक्त रूप से करेंगे।

**एआई शिखर सम्मेलन ने लांच किया डिजिटल मंच, जानें वजह:** पेरिस में चल रहे एआई शिखर सम्मेलन ने डिजिटल विभाजन को संबोधित करने के लिए एक मंच लॉन्च किया गया है। जिस पर डिजिटल विभाजन, ऊर्जा, नौकरी बाजार, शासन पर प्रभाव की चर्चा की गई।



### प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस में सुंदर पिचाई से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में एआई एक्शन समिट के दौरान मुलाकात की और दोनों ने कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में उत्पन्न ''अविश्वसनीय अवसरों'' पर चर्चा की। भारतीय मूल के अल्फाबेट इंक के सीईओ ने इस बात पर भी चर्चा की कि किस प्रकार गूगल और भारत, देश में ''डिजिटल बदलाव'' पर मिलकर काम कर सकते हैं।

**भारत और फ्रांस सिर्फ लोकतांत्रिक मूल्यों से ही नहीं जुड़े, हमारी दोस्ती की बुनियाद गहरा विश्वास है: पीएम मोदी:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस सिर्फ लोकतांत्रिक मूल्यों से ही नहीं जुड़े, हमारी दोस्ती की बुनियाद गहरा विश्वास, नवाचार और जन कल्याण की भावना पर आधारित है। हमारी साझेदारी सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं है। हम वैश्विक समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मेरी पिछली यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी के लिए '2047 रोडमैप' रूपरेखा तैयार की थी। इसके बाद हम हर क्षेत्र में व्यापक तरीके से सहयोग कर रहे हैं।'' उन्होंने एयरोस्पेस, बंदरगाह, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेयरी, रसायन और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां भारत-फ्रांस सहयोग पहले से ही जारी है।

**फ्रांस के मार्सिले शहर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, वी डी सावरकर को सराहा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिणी फ्रांस के मार्सिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी वी डी सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने इसी बंदरगाह शहर में ''भाग निकलने का साहसिक प्रयास'' किया था। पीएम मोदी ने मंगलवार रात (स्थानीय समयानुसार) वहां पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मार्सिले पहुंचा हूं। भारत के स्वतंत्रता के संघर्ष में यह शहर विशेष महत्व रखता है। यहीं पर महान वीर सावरकर ने भाग निकलने का साहसिक प्रयास किया था।'' उन्होंने कहा, ''मैं मार्सिले के लोगों और उस समय के फ्रांसीसी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मांग की थी कि उन्हें ब्रिटिश हिरासत में नहीं सौंपा जाए। वीर सावरकर की बहादुरी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## फ्रांस जाते समय पाकिस्तान में घुस गया पीएम मोदी का विमान, 46 मिनट तक इस्लामाबाद में मचा रहा हड़कंप



**लोक तंत्र की आवाज़**

**इस्लामाबाद।** नई दिल्ली से फ्रांस की उड़ान भरने के दौरान रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान पाकिस्तान में घुस गया। करीब 46 मिनट तक पीएम मोदी का विमान पाकिस्तान के एयरो स्पेस में रहा। इससे इस्लामाबाद में हड़कंप मच गया। पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज ने यह जानकारी दी है। एआरवाई न्यूज ने नागरिक उड्डयन स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विमान ने नई दिल्ली से पेरिस की यात्रा के दौरान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया।

रिपोर्ट के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी का विमान ₹इंडिया 1₹ शेखपुरा, हफीजाबाद, चकवाल और कोहाट से पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश किया और 46 मिनट तक पाकिस्तान की सीमा में रहा। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने आगे कहा कि अफगान हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय पीएम के विमान को अनुमति दी गई थी। यह पहली बार नहीं है कि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के विमान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया हो। पिछले साल अगस्त में मोदी के विमान ने पोलैंड से दिल्ली की यात्रा के दौरान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का भी उपयोग किया था।

**रात 11 बजे पाकिस्तान में घुसा पीएम मोदी का विमान:** नई दिल्ली से उड़ान भरने के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान रात करीब 11 बजे पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हुआ और 46 मिनट तक देश की सीमा में रहा। इससे पहले नरेंद्र मोदी ने जब यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से मिलने के लिए कीव के रास्ते में पोलिश राजधानी वारसॉ का दौरा किया था, तब भी उनका विमान पाकिस्तान से गुजरा था। पाकिस्तान ने नागरिक उड़ानों के लिए सभी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध मार्च 2019 में हटा दिए और अपने क्षेत्र पर एक महत्वपूर्ण पारगमन हवाई गलियारे को फिर से खोल दिया।

## हो सकता है कि यूक्रेन एक दिन रूस का हो जाए, ट्रंप के बयान से भूचाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने बयान से तहलका मचा दिया है. पहले उन्होंने कनाडा और पनामा को लेकर दावे किए और अब उन्होंने यूक्रेन को लेकर भयानक दावा किया है. ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि यूक्रेन भविष्य में रूस का हिस्सा बन सकता है. इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी मदद के बदले यूक्रेन से प्राकृतिक संसाधनों की मांग की. यह बयान ऐसे समय में आया है जब यूक्रेन पहले ही रूस के साथ भीषण युद्ध झेल रहा है और अमेरिकी सहयोग पर उसकी निर्भरता बनी हुई है. ट्रंप के बयान से साफ है कि यूक्रेन को अमेरिकी सहायता पाने के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**यूक्रेन से 500 अरब डॉलर मूल्य के संसाधनों की मांग :** दरअसल अमेरिकी

### ● कीव से मांगी समर्थन की कीमत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने यूक्रेनी अधिकारियों से 500 अरब डॉलर मूल्य के दुर्लभ खनिजो, तेल और गैस सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों की मांग की. उनका दावा है कि यूक्रेन ने इस प्रस्ताव को अनौपचारिक रूप से स्वीकार भी कर लिया था. ट्रंप ने अपनी पॉलिसी को क्लियर करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को सैकड़ों अरब डॉलर की सहायता दी है और अब वह इसकी भरपाई करना चाहता है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर यूक्रेन भविष्य में रूस का हिस्सा बन जाता है तो अमेरिका को अपने निवेश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

**रूस को मिला अप्रत्यक्ष समर्थन?:** उधर ट्रंप के इस बयान से रूस को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन मिलता दिख रहा है. सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की टिप्पणी क्रेमलिन को खुश कर सकती है क्योंकि रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद चार क्षेत्रों डोनेत्स्क, लुहान्स्क, ज़ापोरिझिझिया और खेरसॉन का अवैध रूप से अधिग्रहण कर लिया था. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने ट्रंप के बयान का स्वागत किया और कहा कि यह संभावना है कि यूक्रेन का एक बड़ा हिस्सा भविष्य में रूस का हो सकता है।




**युद्धविराम और शांति वार्ता की योजना:** ट्रंप प्रशासन के पूर्व अधिकारी जनरल कीथ केलॉग ने बताया कि वे आगामी म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 14-16 फरवरी में अपने सहयोगियों के साथ यूक्रेन संकट पर चर्चा करेंगे. इसके बाद वे 20 फरवरी को कीव का दौरा कर सकते हैं. माना जा रहा है कि इस यात्रा का मकसद संभावित शांति वार्ता की नींव रखना है. खुद ट्रंप कहा कि उनकी प्रशासनिक टीम ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में काफी प्रगति की है।

### अब तो यूक्रेन पर बढ़ा दबाव

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पहले ही अमेरिका की अनिश्चित नीति को लेकर चिंतित हैं. उन्होंने संकेत दिया कि ट्रंप प्रशासन के कुछ प्रमुख अधिकारी जल्द ही उनसे मुलाकात कर सकते हैं. इस बीच ट्रंप की मांग और उनके रूसी समर्थक रुख ने यूक्रेन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. यह तय है कि ट्रंप यूक्रेन के लिए अमेरिका की मदद को लेकर नई चुनौतियां खड़ी कर सकता है.

## मुफ्त स्कीम पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा-इसी वजह से लोग काम नहीं करना चाहते

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की ओर मुफ्त सुविधाओं की घोषणा पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लोग इनके चलते काम नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें मुफ्त में राशन और पैसा मिल रहा है। जस्टिस गवई ने कहा कि कि मुफ्त राशन और पैसा देने के बजाए बेहतर होगा कि ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए ताकि वो देश के विकास के लिए योगदान दे सके।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्यों की यह टिप्पणी?:** जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की बेंच ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगो के शेल्टर से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान की। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी



जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम को फाइनल करने में लगी है जो गरीब शहरी बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने से लेकर दूसरे जरूरी मसलों में मददगार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वो सरकार से निर्देश लेकर बताए कि ये कार्यक्रम कब से लागू होगा। 6 हफ्ते बाद कोर्ट आगे सुनवाई करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट पहले भी लगा चुकी है फटकार:** बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को घेरा है। बीते साल कोर्ट ने केंद्र और इलेक्शन कमीशन से पूछा था कि राजनीतिक पार्टियां हमेशा ही चुनावों से पहले मुफ्त स्कीमों की घोषणाएं करती हैं। अधिक वोट्स पाने के लिए राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की योजनाओं पर निर्भर रहती हैं और इसका एक उदाहरण हाल ही में हुए दिल्ली चुनावों में भी देखा गया है।

## जन सुराज की फंडिंग पर जेडीयू ने उठाए थे सवाल अब प्रशांत किशोर ने दिया जवाब, बोले-क्या पैसा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कुछ दिनों पहले सवाल उठाया था कि प्रशांत किशोर को कहां से फंडिंग हो रही है? कहां से पैसा आ रहा है? इसको लेकर खुद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने जवाब दिया है. पीके ने कहा कि मैंने कभी ठेकेदारी नहीं की, न कभी विधायक या सांसद बना. न ही मैं किसी सरकारी पद पर रहा और न ही मैं आईएएस या आईपीएस रहा. मेरे पास जो कुछ भी है वह मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से है।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा, क्या पैसा सिर्फ गुजरात के लड़कों के पास




रहेगा? बिहार के लड़कों का वोट, बिहार के लड़कों की ताकत, बिहार के लड़कों की आवाज और पैसा गुजरात के लड़कों के पास, ये अब नहीं चलेगा. बिहार के लड़के मजदूरी करने के लिए पैदा नहीं हुए हैं। पीके ने कहा कि हम सब जानते हैं कि जिस पर सरस्वती जी की कृपा होती है उसके पास लक्ष्मी जी अवश्य आती हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार के इस बेटे के पास जो कुछ भी है, वह उसने अपनी बुद्धि से कमाया है, उनके पिताजी ने नहीं दिया है, ताकि बिहार का कोई भी युवा कमजोर न रहे।

**नीरज कुमार ने क्या कहा है?:** कुछ दिनों पहले जेडीयू नेता नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी. उन्होंने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के वित्तीय स्रोतों पर सवाल उठाया था. नीरज कुमार ने आरोप लगाया था कि पार्टी को जॉय ऑफ लिविंग ग्लोबल फाउंडेशन से फंडिंग हो रही है. यह एक चैरिटेबल ट्रस्ट है जिसके जरिए जन सुराज को फंडिंग की जा रही है। नीरज कुमार ने कहा था कि चैरिटेबल फाउंडेशन के नाम पर राजनीतिक गतिविधियां चलाना टैक्स अनियमितता के एक बड़े मामले को जन्म देता है. इस फाउंडेशन के वित्तीय लेन-देन में भी गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं.

## दिल्ली की हार के बाद कांग्रेस में खलबली! सांसद ने अपनी पार्टी को दिखाया आईना, पूछा चुभने वाला सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को लगातार तीसरी बार करारी हार झेलनी पड़ी। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का सफाया हो गया, उसके 'हाथ' कोई सीट नहीं लगी। इसके बाद पार्टी के भीतर कई सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कटिहार सांसद तारिक अनवर ने पार्टी नेतृत्व से रणनीति स्पष्ट करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने संगठन में बुनियादी बदलाव की जरूरत पर भी जोर दिया। तारिक अनवर का पार्टी नेतृत्व ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस तरह से सवाल पूछने से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।



**गठबंधन की राजनीति करेंगे या अकेले चलेंगे:** बिहार के कटिहार से सांसद तारिक अनवर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी नेतृत्व ने सवाल पूछा। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि, 'कांग्रेस को अपनी राजनीतिक रणनीति को स्पष्ट करने की जरूरत है। उन्हें तय करना होगा कि वे गठबंधन की राजनीति करेंगे या अकेले चलेंगे।'

**तारिक अनवर ने पार्टी को क्या सुझाव दिया?:** इसके साथ ही तारीक अनवर ने पार्टी को सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि 'पार्टी के संगठन में मूलभूत परिवर्तन करना भी जरूरी हो गया है।' बता दें, बीते शनिवार को घोषित हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। लगातार तीसरी बार पार्टी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही।

**बिहार चुनाव की तैयारी पर फोकस:** दरअसल दिल्ली के बाद अब कांग्रेस की अगली बड़ी चुनौती बिहार विधानसभा चुनाव है। इसमें करीब 7-8 महीने का समय बचा है। बिहार में कांग्रेस का राजद क साथ गठबंधन है। दोनों पार्टियां 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और साथ मिलकर विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही हैं। कांग्रेस ने 70 सीटों पर अपनी दावेदारी ठोक रखी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत



लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के केवल बीघा और दोसुत गांव के बीच मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। बुरी तरह से जख्मी युवक को 112 की पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने जख्मी युवक को मृत घोषित कर दिया गया।बाद में युवक की पहचान जिले के पकरीबरावा थाना क्षेत्र के मंडरा ग्रामीण राजकुमार दास का 18 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान उसके बड़े भाई से टेलीफोनिक बातचीत के बाद हुई। पुलिस घटना से जुड़ी कागजी प्रक्रिया कर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रकिया में जुटी है।

### एसबीआई बैंक से रुपये निकलते ही चोर ने उड़ा लिये 50 हजार रुपये

लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। एसबीआई वारिसलीगंज से रुपये निकालते ही एक ग्राहक की जेब से रुपये गायब हो गया। बैंक परिसर से रुपये की चोरी होने के बाद पीड़ित वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के जवाहर पार्क मुहल्ला निवासी स्व बद्रीनारायण लाल का पुत्र नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करा न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित श्री सिन्हा ने बताया कि 10 फरवरी को लगभग 11.55 बजे 50 हजार रुपये अपने खाते से निकालकर जेब में रखा, लेकिन बैंक परिसर से ही मेरी जेब में रखे 50 हजार किसी ने चोरी कर ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी संख्या-85/25 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### विभिन्न मामलों में कोर्ट से निर्गत 6 वारंटी हुए गिरफ्तार,भेजे गए जेल




लोकतंत्र की आवाज
राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे नामजद 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कोर्ट से जारी वारंट पर पुलिस के द्वारा की गई है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट से निर्गत वारंट के आलोक में वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार टीम बनाकर मंगलवार की रात छापेमारी की गई।इस टीम में थानाध्यक्ष के साथ कई पुलिस पदाधिकारी एवं जिला पुलिस बल शामिल थे।थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट से निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के मांगोडीह गंगटीया गांव निवासी स्व. किरगी यादव के पुत्र भोला यादव व प्रसाद यादव के पुत्र राजेश यादव,गंगटा गांव निवासी जेहल यादव के पुत्र बालेश्वर यादव,मांगोडीह गांव निवासी स्व. हरि महतो के पुत्र धानु महतो व गोपाल यादव के पुत्र कपिल यादव एवं अमावां गांव निवासी रामवृक्ष सिंह के पुत्र अशोक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वही सभी गिरफ्तार वारंटियों को बुधवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# रजौली प्रखंड के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में वर्ष 2025-26 के लिए 43 छात्राओं का होगा नामांकन

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। प्रखंड परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वर्ष 2025-26 के लिए 43 छात्राओं के नामांकन किया जाना है।विद्यालय की वार्डन रेखा कुमारी ने बताई कि प्रखंड क्षेत्र के एससी-एसटी एवं बीपीएल परिवार के बच्चियों के नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।इस वर्ष कुल 43 छात्राओं का नामांकन किया जाना है,जिनमें एससी अथवा अल्पसंख्यक से 19 एवं बीपीएल से 24 छात्राओं का नामांकन किया जाना है।। नामांकन करवाने के लिए प्रखंड कार्यालय के द्वार के समीप एक गुमटी से नामांकन फॉर्म भरकर विद्यालय में जमा करना है।साथ ही कही कि नामांकन फॉर्म के साथ छात्रा का जाति,आवासीय एवं आय प्रमाण के अलावे आधार कार्ड,बैंक खाता,मोबाइल नम्बर एवं पांचवीं कक्षा की टीसी संलग्न होना चाहिए।विद्यालय में आवेदन जमा करने के बाद उसकी जांच कर नामांकन किया जाता है।वार्डन ने बताई कि नामांकन हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।वहीं विद्यालय में नामांकन 1 अप्रैल से लेकर 10 अप्रैल तक किया जाना है।




**छात्राओं को मिलती है सुविधाएं :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन बीते वर्ष 2008 से किया जा रहा है।इस आवासीय विद्यालय में प्रखण्ड क्षेत्र के एससी-एसटी के अलावे गरीबी रेखा से नीचे के ड्रॉप आउट हो चुके छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है।वर्तमान में उक्त विद्यालय में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 8 तक की छात्राएं हैं।वहीं विद्यालय में वार्डेन रेखा कुमारी के अलावे तीन शिक्षक,तीन खाना बनाने वाले,एक लेखापाल,एक रात्रि प्रहरी एवं एक आदेशपाल हैं।आवासीय विद्यालय में प्रत्येक छात्राओं को प्रति माह 100 रुपये,जीवन बीमा,पोशाक,पठन-पाठन सामग्री एवं सर्फ-साबुन के अलावे कई अन्य आधारभूत सुविधाएं दी जा रही है।साथ ही आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली सभी छात्राओं का नामांकन कन्या मध्य विद्यालय में है,जहां प्रत्येक दिन कतारबद्ध होकर बच्चे आवासीय परिसर से विद्यालय आवागमन करती हैं।

**छात्राओं के उच्च शिक्षा के लिए जल्द होगी व्यवस्था :** नवादा जिले के सिरदला समेत कई प्रखण्डों में उच्च शिक्षा हेतु आवासीय विद्यालय की स्थापना किया जा चुका है एवं वहां की छात्राएं वर्ग नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई में जुटी हुई है।किन्तु रजौली प्रखंड की आठवीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुकी छात्राएं आगे की पढ़ाई के लिए भटकना पड़ रहा है।मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को उच्च शिक्षा मिलने को लेकर तत्कालीन बीडीओ अनिल मिस्त्री के प्रयास से जमीन का आवंटन प्रखण्ड कार्यालय परिसर के बगल में किया जा चुका है।किन्तु विद्यालय के भवन निर्माण के लिए अबतक विभाग द्वारा फंड नहीं निर्गत किया गया है।इस वजह से प्रखण्ड के गरीब एवं आठवीं कक्षा के बाद ड्राप आउट छात्राएं उच्च शिक्षण हेतु रास्ता जोह रही है।इस बाबत बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा भवन निर्माण का राशि आवंटन के बाद प्रखण्ड के गरीब तबके की छात्राओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

- एससी-एसटी के अलावे बीपीएल परिवार के बच्चियों को मिलेगा लाभ

# नवादा में मेडिकल कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध कराने की विधायक विभा देवी की घोषणा का लोगों ने किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज



नवादा 12 फ़रवरी। नवादा में केंद्रीय विद्यालय और मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर नवादा विधायक विभा देवी की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो रहा है। जिले के शिक्षाविदों विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने विधायक विभा देवी द्वारा केंद्रीय विद्यालय और मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जिले में शीघ्र ही ये दोनों शिक्षण संस्थानों की स्थापना होगी। लोगों ने फेशबुक इंस्टाग्राम या वाट्सएप के माध्यम से विधायक विभा देवी को जमीन उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया है।

विदित हो कि विधायक ने मुख्यमंत्री को दिए अपने मांग पत्र में स्पष्ट किया है कि तत्कालीन सांसद संजय पासवान, भोला सिंह, गिरिराज सिंह और चन्दन सिंह तक का कार्यकाल केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर टाँय-टाँय फिस्स रहा। लोगों को भरोसा है कि मुख्यमंत्री और नवादा के वर्तमान सांसद विवेक ठाकुर इसपर गंभीरता से विचार करेंगे और विधायक विभा देवी की पहलकदमी को अंजाम तक पहुंचाएंगे।

पत्रकार अरविंद मिश्रा, पेंसनर समाज के डॉ ओंकार निराला, शिक्षाविद् डॉ मदन कुमार, छात्र विकास कुमार, सेवानिवृत शिक्षक रामवरण प्रसाद, रामरूप प्रसाद यादव, रामाशीष यादव, ईश्वरी प्रसाद, श्रीकांत यादव, सुरेश प्रसाद, राकेश रौशन, घुटर यादव, नवल कुमार इत्यादि ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो के माध्यम से पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद एवं विधायक विभा देवी की घोषणाओं का स्वागत किया है और विकसित नवादा की संभावित तस्वीर पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इन लोगों ने उनके द्वारा बरहगैनियाँ पइन को अतिक्रमण से मुक्त करा कर उसपर सड़क निर्माण करने और दोनों तरफ दूकान बनाने की मांग का भी समर्थन किया है।

## सिरदला पुलिस ने चार वारंटी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला। नवादा-परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के मंझगावां गांव में छापेमारी कर एनबीडब्लू 4 वारंटी को गिरफ्तार किया है।परना डाबर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी की पहचान मंझगावां गांव निवासी भरत यादव के पुत्र मोहन यादव, बालदेव प्रसाद के पुत्र राजेंद्र प्रसाद, बालदेव यादव के पुत्र गणेश यादव, तथा बालदेव यादव के पुत्र अरुण यादव उर्फ अमित राय बताया गया है। सभी गिरफ्तार वारंटी को पुलिस व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

# शिव चर्चा सुनने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़,ॐ नमः शिवाय से गूंज उठा रजौली

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। प्रखंड मुख्यालय स्थित रजौली इंटर विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया।इस दौरान रजौली,सिरदला,अकबरपुर,गोविंदपुर, मेसकौर व नरहट समेत गया व कोडरमा जिले के लगभग पांच हजार श्रद्धालुगण मौजूद रहे।शिव चर्चा के आयोजनकर्ताओं में रजौली की अनिता कुमारी,अकरी की रेणु देवी व सुनीता देवी,सिरदला की संगीता देवी व लक्ष्मण वर्मा,डेढ़ कुरी गांव के महेश कुमार,बीजु बिगहा गांव के शिव शंकर कुमार,भुसड़ी गांव के अनिल राजवंशी एवं नवादा के मनोज कुमार मंटू शामिल रहे।वहीं



अनिता कुमारी ने बताई कि सनातन संस्कृति में कोई भी कार्य ज़ोर ज़बरदस्ती नहीं होता है बल्कि तर्क,चर्चा एवं बहस से होता है।आज के समय में भी साधु-संत धार्मिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा करते रहते हैं, जिससे धर्म की गतिशीलता बनी रहती है और वह समाज में स्वीकार्य बना रहता है।स

ाथ ही कही कि शिव सारे संसार के गुरु हैं।भगवान शिव ऐसे देव हैं जिनकी पूजा-आराधना से सभी प्रकार के कष्टों का शमन होता है।वहीं संगीता देवी ने बताई कि शिव चर्चा में तीन सूत्र महत्वपूर्ण हैं,जिनमें पहला सूत्र भगवान शिव से दया मांगना है कि हे शिव हम पर दया करे तथा हमें अपने शरण में लें,दूसरा सूत्र अपने आस-पास के लोगों से शिव चर्चा करना एवं तीसरा सूत्र 108 वार ओम नमः शिवाय का जाप करना है।वहीं लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि आज के दौर में भी ऐसा कोई टोला या मोहल्ला नहीं होगा,जहां की माताएं-बहनें शिव चर्चा में शामिल नहीं हैं।शिव चर्चा के दौरान विभिन्न प्रकार के कथा का वाचन एवं भजन का गायन शामिल रहा।इस दौरान ॐ नमः शिवाय से पूरा वातावरण गूंज उठा।वहीं आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस बार शिव चर्चा में लगभग पांच हजार महिलाएं व पुरुष शामिल हुए थे,जबकि अगले बार के आयोजन में और अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई है।साथ ही कहा कि शिव चर्चा की सूचना स्थानीय पुलिस व पदाधिकारी को देने पर उनका भरपूर सहयोग हमलोगों को मिला।

# संत रविदास ने भक्ति और सामाजिक सुधार के माध्यम से जातिवाद, छुआछूत और अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** संत रविदास जी जयंती पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारासमाज सुधारक और भक्तिकाल के महान संत रविदास जी तेल चित्र पर समीर तकिया रविदास टोला में जयंती समारोह मनाया गया सर्वप्रथम उनके उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़कर उनके चरणों में नमन किया गया नमन करते हुए डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा रविदास का जन्म 15वीं शताब्दी में वाराणसी के गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। वे एक दलित परिवार में जन्मे थे और उनके पिता चमड़े के काम से जुड़े थे। संत रविदास ने भक्ति और सामाजिक सुधार के माध्यम से जातिवाद, छुआछूत और अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाई।



रविदास जी का जीवन भगवान की भक्ति और समाज सेवा को समर्पित था। उन्होंने भक्ति आंदोलन को एक नई दिशा दी और सरल भाषा में भजन व दोहों के माध्यम से ईश्वर भक्ति का संदेश दिया है। वे निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख संतों में से एक थे और संत कबीर के समकालीन माने जाते हैं। उनकी वाणी का संकलन गुरु ग्रंथ साहिब में भी किया गया है, जिससे उनकी शिक्षाओं की व्यापक स्वीकृति सिद्ध होती है व्हाट्सएप पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा रविदास को मानना था कि जाति, धर्म या संपत्ति से कोई महान नहीं बनता, बल्कि सच्ची भक्ति और सच्चे कर्म ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाते हैं। उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा,₹ यानी यदि मन पवित्र है, तो हर स्थान पवित्र है। उनके विचारों ने समाज में समानता, भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलाया।संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एकता, प्रेम और समानता का पाठ पढ़ाती हैं। उनकी जयंती पर लोग उनकी शिक्षाओं को याद कर समाज सुधार और सद्भावना के कार्यों में संलग्न होते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम रविदास टोला के प्रमुख लोगों को अंगवस्त्र माला फूल देकर सम्मानित किया गया है।आज रविदास को नमन करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक दीपक पांडे भाजपा के नेता सुनील रविदास मोनू रविदास करण रविदास विक्की दास आकाश दास शुभम दास पवन दास टोबा दास सहित अन्यलोग उपस्थित हुए हैं।

# धान खरीद के लक्ष्य के निकट पहुंचा प्रखंड,चार दिन ही बचे हैं खरीदारी में

लोकतंत्र की आवाज

अभय कुमार रंजन
**वारिसलीगंज (नवादा)।** सहकारी संस्थाओं द्वारा सरकार के निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद करने में जिला लक्ष्य के निकट पहुंच गया है।धान खरीद करने के पहले से निर्धारित अवधि के 4 दिन शेष बचे हुए हैं। वारिसलीगंज प्रखंड के पैक्सों में धान खरीद की रफ्तार तेज हो गई है। धान खरीदारी की निर्धारित तिथि में अब महज चार दिन शेष है। जबकि निर्धारित लक्ष्य एक लाख 22 हज़ार क्विंटल के विरुद्ध अब तक 90 हज़ार 900 क्विंटल धान की खरीदारी हो चुकी है। जिससे निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना संभव प्रतीत होता है। 1136 किसानों से धान खरीद की सूचना है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र के कई बड़े किसानों के धान की दौनी भी अभी नहीं हो पाई है। हालांकि उत्तम किस्म के धान का बाजार मूल्य क्रय केंद्र से ज्यादा मिल रहा है।

- निर्धारित लक्ष्य एक लाख 22 हज़ार क्विंटल के विरुद्ध अब तक 90 हज़ार 900 क्विंटल धान की खरीदारी हो चुकी है

ऐसी स्थिति में क्षेत्र के किसान क्रय केंद्र के प्रति ज्यादा आशान्वित नहीं हैं।उत्तम क्वालिटी का धान व्यवसाई को वेच रहे किसान क्षेत्र के किसान कम पानी में तैयार होने वाले उत्तम क्वालिटी का धान उत्पादन करने लगे हैं। जिसकी उपज मोटे धान की अपेक्षा कम होती है। लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित कीमत लगभग समान होता है। ऊपर से नमी के बहाने प्रति क्विंटल पांच से छह किलो ग्राम धान अधिक लिया जाता है। फलस्वरूप उत्तम क्वालिटी की फसल को किसान सीधे व्यवसाई के हाथ 2300/- से 2400/- रुपये प्रति क्विंटल बिक्री कर ले रहे हैं। जबकि पैक्स में साधारण किस्म के धान बिक्री करने में भी किसानों को झोल नज़र आता है। फलस्वरूप अपनी ज्यादातर फसल को वयापारियो के हाथ बेच रहे हैं।

**15 फरवरी तक होगी खरीदारी:** वारिसलीगंज प्रखंड के 16 पैक्स धान खरीद को अधिकृत हैं। जो दिसंबर माह तक चुनाव में उलझे रहे। जब खरीदारी शुरू किया। तब एसएफसी ने चावल जमा लेना बंद कर दिया था। जिस कारण चार पांच दिनों तक खरीद रहा। पिछले सप्ताह से तेजी धान खरीद में आई है। अनुमान जताते हुए कहा कि धान खरीद अभी चार दिन शेष है।

# हैंड इन हैंड द्वारा द्वारा सायबर सुरक्षा को लेकर लगाया गया शिविर

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। प्रखंड क्षेत्र के शिरोडाबर पंचायत के बलिया गांव में बुधवार को हैंड इन हैंड एवं जॉकनिक फाउंडेशन के द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर एक शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में परियोजना सहायक राजेश कुमार,एमआईएस सुमंत कुमार सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंदी कुमार,संतोष कुमार सुधा,जितेंद्र कुमार द्वारा साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व को बताया गया।साथ ही इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी भी दी गई। वहीं महिलाओं को साइबर अपराधों से बचने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए,जिसमें मोबाइल पर आए अनजाने



लिंक पर क्लिक न करना,अज्ञात कॉल को रिसीव न करना और ओटीपी की जानकारी किसी को साथ साझा नहीं करने की बात कही है। वहीं महिलाओं को सावधान किया गया कि किसी तरह के मैसेज पर भरोसा ना करें और किसी भी लिंक या मैसेज को भरोसा ना करें।सेमिनार में यह भी बताया गया कि किसी तरह की घटना होने पर सबसे पहले इसकी शिकायत नजदीकी थाने में दर्ज कराई जानी चाहिए।इसके अलावा साइबर शिकायत हो,तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई।इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण महिलाएं शामिल थीं।

# संत रविदास की जयंती पूर्व मुखिया सुनीता कुमारी की अध्यक्षता में मनाई गई

लोक तंत्र कीआवाज

नवादा। आज दिनांक 12/ 2 /2025 ग्राम -सम्हरीगढ़ ,प्रखंड -रोह में पूर्व मुखिया ग्राम पंचायत - सम्हरीगढ़ श्रीमती सुनीता कुमारी की अध्यक्षता में महान संत समाज सुधारक एवं कवि गुरु रविदास जी की जयंती मनाई गई इस जयंती के अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत-शत् नमन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए सुनीता कुमारी ने कहा कि उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में फैले हुए पाखंडवाद ,अंधविश्वास, जातिवाद, भेदभाव एवं छुआछूत जैसी सामाजिक बुराईयों पर कड़ा प्रहार किया। इन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें ,आपके बच्चे शिक्षित होंगे तभी समाज सशक्त और मजबूत होगा आप पढ़ेंगे





तभी गुरु रविदास के विचारों को समझेंगे। महात्मा फुले समता परिषद के प्रदेश महासचिव अजय कुशवाहा ने बोलते हुए कहा कि वे समाज में समानता लाना चाहते थे, समतामूलक समाज बनाना चाहते थे।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से नीच नहीं होता, कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से, नीच होता है जो व्यक्ति गलत काम करता है वो नीच होता है उन्होंने कहा अगर मन चंगा तो कठौती में गंगा अगर मन पवित्र है और निर्मल है तो कठौती में गंगा का वास हो जाएगा। उन्होंने सबको मिलजुल कर प्रेम पूर्वक रहने का उपदेश दिया।

गुरु रविदास की शिक्षाएॅ और संदेश आज भी प्रासंगिक है। उनका विश्वास था कि ईश्वर की भक्ति के लिए सदाचार, परहित भावना तथा सद् व्यवहार का पालन करना आवश्यक है अभिमान त्याग कर दूसरों के साथ व्यवहार करने और विनम्रता और शिष्टता के गुणों का विश्वास करने पर बहुत बल दिया। इस जयंती में उपस्थित हुए ओंकार दास, सतेंद्र कुशवाहा ,शंकर दास, संतोष दास, संजय मांझी, संतोष चंद्रवंशी, अनूप पहलवान ,विपुल कुमार, विपिन कुमार, गुड्डू रविदास, सुनीता रविदास, ज्योति रविदास, राजू देवी ,चांदो मांझी, पप्पू मांझी, र भोला मांझी, रंजीत दास, अनीता देवी, कामता देवी, सुनैना देवी ,उषा देवी, विष्णु दास, विशुन दास, कामता देवी कोई अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सीतापुर : दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का किया गया वितरण



**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
**सीतापुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ०प्र० जनपद सीतापुर के द्वारा दिनांक 12 फरवरी 2025 को हरगांव विकास खण्ड परिसर में दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का वितरण उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के कर कमलो द्वारा किया गया। इस वितरण के तहत पैंतालिस ट्राईसाइकिल, उन्तिस लेप्रोसी किट, पांच स्मार्ट केन एवं एक कान की मशीन का वितरण किया गया।कृत्रिम अंग पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी तैर गई। इस कार्यक्रम में हरगांव ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार वर्मा,जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजकुमार,खण्ड विकास अधिकारी हरगाँव आत्म प्रकाश रस्तोगी, सहायक विकास अधिकारी (स०क०)रंजीत कुमार वर्मा, कमलेश कुमार वरिष्ठ सहायक शान्ति स्वरूप शुक्ल कनिष्ठ सहायक एवं गजेन्द्र सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

### बिजनौर: धूमधाम से निकाली गई सन्त शिरोमणि गुरु रविदास जी की शोभायात्रा



**रिपोर्ट महताब अहमद**
जिला बिजनौर के थाना मंडावर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 648 वे जन्म दिवस के शुभ अवसर पर बुद्ध सिंह व मास्टर डालू सिंह दुली चंद मूल चंद सिंह अरुण कुमार मोनू कुमार नितिन कुमार सीताराम बॉबी सक्सेना परवेज़ पत्रकार महताब अहमद मोहल्ला बाजार सभा मण्डवर सन्त शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की सोभा यात्रा कमेटी दुवारा गुरु जी की बड़ी धूमधाम से शांतिपूर्वक तरीके से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी मंडावर थाना प्रभारी मुदुल कुमार की देखरेख में कानूनी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में गुरु जी की शोभायात्रा संपन्न हुई।

### पुण्यतिथि पर मरीजों को फल किया वितरित



**घनश्याम तिवारी**
**बलिया।** विशेष न्यायाधीश (ई०सी०एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलिया महेश चन्द्र वर्मा ने अपने पिता दिवंगत रामशंकर वर्मा के पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय, बलिया में मरीजों को फल वितरित किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. सुजीत कुमार यादव, ई०एम०ओ० डा. डी०पी० गुप्ता फार्मासिस्ट सर्वेश कुमार श्रीवास्तव व मनोज वर्मा तथा न्यायालय पप्पू कुमार प्रजापति व स्टाफ नर्स गीरा राय, सुशीला देवी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उरई : धूमधाम से मनाई गई रविदास जी की 648 वी जयंती : सदर विधायक

**लोक तंत्र की आवाज**



**उरई, जालौन।** रविदास विकास संस्थान के तत्वाधान में संत शिरोमणि जी का 648 वां जयंती समारोह बुधवार कों रविदास विकास संस्थान, करमेर रोड उरई में जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि गौरी शंकर वर्मा सदर विधायक उरई एवं विशिष्ट अतिथि श्री मती गिरिजा चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उरई मौजूद रही। संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। समिति के सदस्यों नें अतिथियों कों बैच लगाकर स्वागत किया।आज की अध्यक्षता मुन्ना लाल जाटव नें किया। मंच संचालक राम सनेही बाबू नें किया। सदर विधायक के निधि के द्वारा एक कमरे का निर्माण कराया गया था। जिसका सदर विधायक के द्वारा उदघाटन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा नें कहा कि संत रविदास पवित्र भावना के अध्यात्मिक व्यक्ति थे। रविदास ने भक्ति भावना के विकास के साथ समाज को समरसता के सूत्र में पिरो कर एकजुट किया था। उनके जीवन से समरसता, समानता एवं राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा मिलती है। डॉ रामाधीन बाबू नें कहा कि जी की वाणी को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है। ऐसे महापुरुष को अपना आदर्श मान कर जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। बौद्ध भिक्षु भी मंच पर उपस्थित रहे। बहुजन महापुरुषों कों जगाने वाले मंडलीय संगीत माया देवी के द्वारा गीत सुनाया गया। बहुजन महानायक जन्मोत्सव आयोजन सयुंक्त समिति के द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।



इस मौके पर संरक्षक मंडल ए पी भारती, मानिक चंद्र,कालका प्रसाद, गोपाल महीप, महेंद्र प्रताप सिंह, रतन सिंह, जगदीश प्रसाद, दयाराम, तुलसीराम खन्ना, अध्यक्ष इंजी श्याम करण, उपाध्यक्ष इंजी कल्याण सिंह, सचिव राम सनेही, कोषाध्यक्ष जुगल किशोर, संगठन मंत्री अरविंद्र कुमार, आड़ीटर इंजी राम सेवक, सूचना एवं प्रसारण मंत्री रामेश्वर दयाल, कार्यकारिणी सदस्य इंजी बाला प्रसाद, दयाशंकर, वृन्दावन, राजेश कुमार इंजी गोविन्द दास, मुन्ना लाल जाटव, लल्लूराम त्यागी, स्वामी नारायण, शैलेन्द्र कुमार शिक्षक,अशोक कुमार सिंह, बाबूराम अहिरवार, महेंद्र कुमार, रामकुमार, रामप्रकाश वर्मा, सदस्यगण कालीचरण, श्याम सुन्दर चंचल, डॉ देवेंद्र कुमार,मुन्ना लाल,शिवराम जाटव, रामेश्वर दयाल, बृज किशोर, श्याम लाल प्रेमी,आर एन गौतम, बलवान सिंह, अखिलेश चौधरी, घनश्याम सिंह, चेतराम, ओमप्रकाश, वीरेंद्र कुमार, मंशाराम, किशोर सिंह, इंजी अरविंद कुमार, अशोक कुमार मौर्या, किशुन प्रसाद,सुंदर लाल, रामदास, गंगा प्रसाद, अरविंद कुमार एड, वासुदेव शरण, लालाराम, शम्भू दयाल, पुरन सिंह, संत प्रकाश एड, श्री मती उषा देवी, श्री मती पार्वती देवी, अनिल कुमार भारती, जमुनादास जमखुरी, डॉ रामाधीन,श्याम सुंदर, शैलेन्द्र शिरोमणि,कमल दोहरे, राम औतार सिंह गौतम, महेंद्र कुमार, भगवती शरण पांचाल, सुधाकर राव, पुनीत भारती, रामप्रकाश गौतम, अजय कुमार श्रीवास, दीपेंद्र सिंह, देवेंद्र जाटव,जितेंद्र गौतम,अरविंद खाबरी, संत शिरोमणि,रहे। व आयोजक समिति नें आये हुए अतिथि व समस्त लोगों का आभार प्रकट किया।

# उत्तराखंड मां समाधी वाली पिंडी रानी का प्रकाशोत्सव मनाया



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
हरिद्वार ज्वालापुर स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर माता के डेरे पर मां समाधी वाली पिंडी रानी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में यमुनानगर के मशहूर गायक विनोद राजन ने भक्ति भावना से ओतप्रोत भजनो की प्रस्तुति से भक्तों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में रानीपुर विधायक आदेश चौहान भी शामिल हुए और सभी को प्रकाशोत्सव की शुभकामनाएं दी। संस्था के सेक्रेटरी हरीश मारवाहा और वाइस सेक्रेटरी बनवारी लाल अरोरा ने सभी भक्तों का स्वागत किया। दिनेश कोचर व महेश शास्त्री ने बताया कि माता का प्रकाशोत्सव प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। नीलम व सुषमा मे बताया माता के डेरे पर हर महीने की अष्टमी को जागरण किया जाता है। जिससे दूर दूर से भक्त शामिल होने आते हैं। अनुपमा सेठी, रेन, पारस गुलाटी, इंदु अरोरा ने बताया कि मंदिर से निःशुल्क डिस्पेंसरी, फिजियो थैरेपी सेंटर, अति गरिब बच्चों को निशुल्क शिक्षा जैसे जनहित के कार्य भी संचालित किए जा रहे हैं। दया अरोरा, रानी कोचर, कविता ने बताया माता का मंदिर बहुत सिद्ध स्थान है। 65 वर्ष पूर्व वैष्णों देवी से लायी गयी जोत मंदिर में अखंड रूप से प्रज्जलित हैं। मां वैष्णो देवी का ध्यान कर जो भक्ति ज्योति पर अरदास करते है। मां उनकी हाजरी कबूल करती है।

## उत्तराखंड पूर्व भाजपा विधायक संजय गुप्ता ने गरीबों में बांटे कंबल



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
हरिद्वार भाजपा के वरिष्ठ नेता व लक्सर के पूर्व - विधायक संजय गुप्ता ने दिल्ली में भाजपा की - बंपर जीत की खुशी में - गरीब महिलाओं को - कंबल वितरित किए। उन्होंने 1000 से अधिक कंबलों का वितरण किया। - संजय गुप्ता अभी तक सर्दी के मौसम में 5000 से अधिक कंबलों का वितरण कर चुके हैं। कंबल वितरण के दौरान - संजय गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र - मोदी के गरीबों के उत्थान के विजन के चलते उन्होंने कंबलों का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से देश में सनातन का परचम फहरा रहा है उसको देखते हुए पूरे भारतवर्ष में भगवा पताका फहराएगी। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में गरीबों को सर्दी से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया गया है। कहा कि यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा। गरीबों में वितरण के लिए एक ट्रक कंबल मांगे गए हैं।

# बिजनौर: बढ़ापुर वन रैंज क्षेत्र से खैर की लकड़ी के साथ चार लकड़ी चोर गिरफ्तार कर भेजा जैल

**लोकतंत्र की आवाज**



- सूत्रों के अनुसार वन विभाग के कुछ अधिकारीयो की मिलीभगत कर प्रतिदिन मोटरसाइकिल से चोरी करके लेकर आते हैं कीमती लकडीयां

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**बढ़ापुर।** वन विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी कटाई के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग नजीबाबाद वन प्रभाग की बढ़ापुर वन रेंज के अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र से मूल्यवान खेर की लकड़ियाँ काटकर ले जा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों के नाम सलमान पुत्र समीम, जीशान पुत्र मोहम्मद याकूब, इमरान पुत्र जाकिर और सलमान पुत्र नासिर हैं। उनके पास से चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं, जिन पर मूल्यवान लकड़ियाँ लदी हुई थीं। बताया जा रहा है बढ़ापुर वन रेंज की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की है। टीम ने रविवार को देर शाम नकटा नदी से ग्राम शाह अलीपुर कोटरा जाने वाले अंदरुनी मार्ग पर सेलापानी के नजदीक कक्ष संख्या 7 से आरोपियों को पकड़ा। वन विभाग अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। वन विभाग ने अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ कई अभियान चलाए हैं और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग वन संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का रुख किए हुए है।

# देहरादून : उत्तराखंड मीडिया से लगातार संवाद बनाएं रखें सूचना अधिकारी : डीजी बंशीधर तिवारी

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**देहरादून।** मंगलवार को रिंग रोड देहरादून स्थित सूचना निर्देशालय में सूचना अधिकारी पद पर चयनित हुए 11 नए सूचना अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन दिवस पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने नए सूचना अधिकारियों को भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनको संबोधित किया। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा सरकार एवं आमजन के बीच में संवाद के माध्यम से समन्वय स्थापित करने में सूचना अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। राज्य सरकार की प्रभावशाली महत्वपूर्ण एवं आमजन के लिए बनाई गई योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार एवं सही लाभार्थी तक योजना को पहुंचाने में भी सूचना अधिकारी अपनी भूमिका निभाते हैं। महानिदेशक सूचना ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं नई दौर के डिजिटल मिडिया के साथ प्रतिनिधियों के साथ सभी सूचना अधिकारी लगातार संवाद करते रहें। मीडिया, पत्रकारों के साथ सभी सूचना अधिकारी बेहतर से बेहतर संबंध रखें । उन्होंने कहा डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से सीखने हेतु स्वयं को हमेशा नई तकनीकी से अपडेट करें। अपर निदेशक सूचना आशिष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक के. एस. चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनियां मौजूद रहे।

# बिजनौर: संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 बी जयंती पर गांव आजमपुर मोहम्मद अली में धूमधाम से निकाली गई, शोभा यात्रा

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट रोहित कुमार**
बिजनौर तहसील नजीबाबाद के गांव आजमपुर मोहम्मद अली उर्फ खानपुर में दिन बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 बी जयंती को बड़ी धूमधाम से गांव आजमपुर मोहम्मद अली में मनाई जा रही और प्रभात फेरी में झाकि व अखाड़ा भी खेला गया और बाहर से आऐ भक्ति व श्रद्धालु ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती में भाग लिया नजीबाबाद के सिटी प्रेस क्लब के संस्थापक तारा सिंह मलिक, अध्यक्ष नईम सिद्दीकी , वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन, महामंत्रीअंकित शर्मा, मीडिया प्रभारी खिजर, संगठन मंत्री राजवीर सिंह, मीडिया कर्मी हुए शामिल और आजमपुर मोहम्मद अली उर्फ खानपुर कमेटी के अध्यक्ष नाथू सिंह, राजकुमार, श्री महाराज सिंह, अमर सिंह, कृपाल सिंह, मुनेश मास्टर जी, धर्मपाल सिंह, जय राम सिंह, राजवीर सिंह,बाबूराम, दलवीर, रोहिताश सिंह, जय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, नवनीत कुमार आदि शामिल रहे।

# चांदपुर धनौरा मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर शिव भक्तों की सुरक्षित यात्रा के संबंध में शिवसेनिको ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**जलीलपुर।** जनपद बिजनौर मां भागीरथी गंगा का उत्तर प्रदेश में प्रथम प्रवेश द्वार है यहां से हरिद्वार की निकटतम दूरी लगभग 80 किलो मीटर है जनपद बिजनौर के विभिन्न मार्गों से होकर संभल, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली गजरौला शाहजहांपुर आदि जनपदों के शिव भक्त शिवरात्रि के दौरान जलाभिषेक के लिए हरिद्वार से होकर अपने-अपने जनपदों को प्रस्थान करते है बिजनौर जनपद वासियों का सौभाग्य रहा है शिव भक्तों की सेवा करने का सौभाग्य हमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिलेगा लेकिन शिव भक्तों की सुरक्षित यात्रा को लेकर इस समय हमें चिंतित होने की आवश्यकता है क्योंकि जनपद बिजनौर के विभिन्न कावड मार्ग अधिकारियों की लापरवाही से क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं जबकि कावड़ यात्रा में कुछ दिन शेष है चांदपुर धनोरा सडक मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त है अधिकारियों के संरक्षण में व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है जो की 14 माह से खुद ही पड़ी हुई है सड़क की दोन साइट तीन-तीन फीट के गड्ढे हैं जिसमें अनियंत्रित होकर रोजाना बाहन पलटने की सूचना आ रही है जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व ठेकेदार चिंतित नहीं है महोदया शिवरात्रि पर कावड यात्रा को लेकर हमें चिंतित होने की आवश्यकता है जर्जर अवस्था



के बिजली के खंभे व जो बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं उनकी खींचाई कराकर उन्हें सही कराया जाए ताकि शिव भक्तों का डीजे वाहन बिना किसी दुर्घटना के वहां से निकल जाए जिलेभर में मीट की दुकानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कावड मार्ग पर हो ओवरलोड बड़े वाहन व डगगामार वाहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए कावड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे व यातायात पुलिस की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। ताकि किसी भी असुविधा का सामना शिव भक्तों व आम जनों को ना करना पड़े प्रतिनिधि मंडल में पंडित नरेश शर्मा उपराज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, युवा सेना जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता, मुकेश लंबा उप जिला प्रमुख, अंतरिक्ष कौशिक, शशि कुमार, धर्मवीर सिंह तोमर तहसील अध्यक्ष चांदपुर, संदीप बिल्ला, जतिन कुमार, एडवोकेट धर्मवीर सिंह, महिपाल सिंह, मौजूद रहे।

# बिजनौर: पति ने पत्नी को अन्य महिला से अवैध संबंध रखने के विरोध में बेरहमी से पीटा

**लोकतंत्र की आवाज़**



**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
जनपद बिजनौर की तहसील नगीना के क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। यह पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला धामपुर थाना क्षेत्र के सरकथल सैनी की रहने वाली रश्मि का है, जिसकी शादी 2017 में नगीना थाना क्षेत्र के काला खेड़ी निवासी अरुण कुमार से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं 8 वर्षीय लड़का और 6 वर्षीय लड़की।पीड़िता के भाई योगेंद्र सिंह ने बताया कि उनका जीजा अक्सर शराब के नशे में बहन के साथ मारपीट करता है। कल भी नशे की हालत में उसने रश्मि के साथ इतनी बुरी तरह मारपीट की कि उसे पहले नगीना अस्पताल ले जाना पड़ा, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।योगेंद्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके जीजा के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं, जिसके कारण वह बहन को प्रताड़ित करता है। इतना ही नहीं, वह दहेज में दूसरी गाड़ी की मांग भी करता है। पीड़िता के भाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से आरोपी पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल पीड़िता की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मईया सम्मान योजना :सेविका घर घर जाकर लाभार्थियों का करें भौतिक सत्यापन



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। उधवा प्रखंड के पूर्वी प्राणपुर पंचायत भवन में बुधवार को पंचायत की मुखिया आताउर रहमान की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुखिया ने उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं से मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभार्थियों को भौतिक सत्यापन से संबंधित जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बताया कि अपने-अपने पोषक क्षेत्र में सेविका घर-घर जाकर लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। सत्यापन में कोई राशि लेने का प्रावधान नहीं है मुखिया ने ग्रामीणों से अपील किया कि अगर भौतिक सत्यापन के लिए कोई आपसे राशि की मांग करते है तो संबंधित सुचना दें। मौके पर पंचायत समिति माताहार शेख, रिजाउल शेख, नवी शेख, मोबारोक शेख, कलीमुद्दीन शेख, सद्दाम शेख। मंगल मंडल मनोज मंडल, एवं सेविका, नूरखातून बीबी, शान्ति घोष, नूरनहर बीबी, श्रीति कुमारी मंडल, सुमित्रा मंडल, सहित अन्य। लोगों मौजूद थे

### समस्तीपुर के मोहिउद्दीन नगर के लाल ने देश स्तर पर किया कमाल



लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। जिले के मोहिउद्दीन नगर विधानसभा क्षेत्र के राजाजान निवासी नेहा भारती, अजीत कुशवाहा के पुत्र अर्णव सिंह ने जेएईई मेन 2025 परीक्षा में 100% अंक लाकर देश स्तर पर नंबर वन स्थान प्राप्त किया है। अर्णव ने अपने माता-पिता सहित सम्पूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। समस्तीपुर जिला उपाध्यक्ष युवा जदयू, अभिमन्यु कुमार शुभंकर ने अर्णव के उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ की मंगल कामना कि है।

### धूमधाम से मनाई गई संत रविदास की जयंती



लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/भोजपुर। बुधलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया कार्यक्रम में शामिल हुए। हरीगांव,सियारुआ मोड , रामदास टोला सहित अन्य गाँवों में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना किए साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुवाणी करते हुए भाग लिया।राजद नेता ने कहा कि संत रविदास की जयंती प्रत्येक वर्ष माघ माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था। वे बेहद ही परोपकारी थे।मौके पर मौजूद रहे हबीब वारसी ,गोरखनाथ सिंह ,मो साबिर ,सुदर्शन राम ,विनोद यादव, रंजन यादव , रजनीश यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### भागलपर के बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव स्थित ब्रजलेश्वरधाम में श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत मड़वा गांव स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर बाबा को जल अर्पित किया। श्रद्धालु बुधवार सुबह से महादेव, मां पार्वती, मां काली, भगवान विश्वकर्मा, बजरंग बाबा, ठाकुर जी व नंदी महराज को जल अर्पित कर मंगल कमाना की।इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। रामजानकी ठाकुरबाड़ी के महंत राजेंद्र दास जी महराज ने बताया कि माधी पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर दान पुण्य का बहुत महत्व है।माघी पूर्णिमा पर देवता भी गंगा स्नान करते हैं।माधी पूर्णिमा पर नन्हकार गंगा घाट, बोचाही गंगा घाट व रामनगर सोनवर्षा गंगा घाट पर मेला सा नजारा था।नन्हकार गंगा घाट पर 24 घंटे का अखंड रामधुन पर कलाकार नाचते नजर आये।लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की।इस दौरान बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर व झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार सक्रिय रहे।

# राजकीय माघी मेला राजमहल-2025 का भव्य उद्घाटन मानानीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने की गंगा पूजा, जुटी भीड़





लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा। राजकीय माघी मेला राजमहल-2025 का भव्य शुभारंभ झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री महोदय ने गंगा नदी के तट पर विधिवत गंगा पूजन कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में भारी संख्या में स्थानीय लोग, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि₹माघी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। यह पर्व जनजातीय गौरव और लोक संस्कृति को समर्पित है। हमें अपने अमर शहीदों– सिद्धो- कान्हू, फुलो - झानो के बलिदान को याद रखना चाहिए, जिन्होंने हमारे समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया।₹राजमहल का माघी पूर्णिमा मेला झारखंड की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि जनजातीय परंपराओं, वीर गाथाओं और समाज की सामूहिक संस्कृति को भी प्रतिबिंबित करता है।

मंत्री महोदय ने इस अवसर पर वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व भी है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को और भी भव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में राजकीय माघी मेला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

माघी मेले के तहत गंगा घाट पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गंगा पूजन कर मां गंगा से राज्य की समृद्धि और शांति की कामना की। विधायक मो. ताजुद्दीन ने अपने संबोधन में कहा कि माघी मेला जनजातीय समाज के लिए गौरव का पर्व है और इसे और भव्य बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई गईं।

माघी मेले में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए हस्तशिल्प कारीगरों और व्यापारियों ने अपनी दुकानों में पारंपरिक वस्त्र, हस्तशिल्प उत्पाद, लकड़ी और बांस से बनी कलाकृतियां, कृषि उपकरण और अन्य वस्तुएं प्रदर्शित की । मेले में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया। पुलिस बल, अग्निशमन दल और चिकित्सा दल को तैनात किया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भीड़ की निगरानी की गई। जिला प्रशासन ने मेले के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए थे। राजमहल के ऐतिहासिक माघी मेला को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा गया। श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं और भव्य आयोजन का आनंद उठा रहे हैं।

## टेंपू पलटने से एक की मौत, कई हुए घायल



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। अपने परिवार के साथ माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने जा रहे सुदर्शन कुमार ,ग्राम ओलापुर सुबह 5:30 बजे के आसपास टेंपो पलटने से घायल घायल हो गए।एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई। मृतका का नाम फूलन देवी उम्र 65 वर्ष, पति बोधि महलदार, ग्राम ओलापुर निवासी हैं।घायलों में सुदर्शन कुमार ,रिंटू कुमारी, उम्र 6 वर्ष पिता सुदर्शन कुमार, काजल कुमारी, पिता सुदर्शन कुमार सभी ग्राम ओलापुर पुर निवासी है।प्रतिमा देवी बसंतपुर निवासी , सभी घायल हैं ।सभी घायलों को पीरपैंती रेफरल अस्पताल में इलाज किया गया। सभी लोग लगभग खतरे से बाहर थे । मृतक का को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेजा गया है। टेंपू चालक मौके से फरार है।

## सुपौल: एसएसबी की विशेष गश्ती दल ने 37 किलो गांजा और 27 लीटर नेपाली देसी शराब की जब्त , तस्कर फरार

लोक तंत्र कीआवाज



सुपौल। जिले में एसएसबी सीमा चौकी सतना और शैलेशपुर के विशेष गश्ती दल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 37 किलोग्राम गांजा और 27 लीटर नेपाली देसी शराब जब्त की है।.जानकारी देते हुए कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि सीमा पर तस्करी रोकने के लिए एसएसबी नियमित गश्त के साथ-साथ समय-समय पर विशेष गश्ती दल भी तैनात करती है।

इस कड़ी में सीमा चौकी सतना और शैलेशपुर के संयुक्त गश्ती दल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 204/2 के पास गश्त के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा नेपाल से अवैध शराब और गांजा भारत में लाए जाने की सूचना मिली थी. गश्ती दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस अवैध सामान को जब्त किया। हालांकि, कोहरे के कारण तस्कर भागने में सफल हो गए और उनका पकड़ना संभव नहीं हो सका. तस्करों द्वारा फेंकी गई बोरियों से 37 किलोग्राम गांजा और 90 बोतल (27 लीटर) नेपाली देसी शराब बरामद हुई। सभी जब्त किए गए सामानों को स्थानीय भीमनगर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है, और इस मामले में आगे की जांच जारी है. एसएसबी की यह कार्रवाई सीमा पर तस्करी को रोकने में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## साहेबगंज: मैट्रिक में 1642 व इंटर में 2083 परीक्षार्थी ने दी परीक्षा



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

साहेबगंज। झारखंड अधिविध परिषद,रांची की ओर से मंगलवार से जिला में मैट्रिक व इंटर परीक्षा-2025 शुरू हुई। जिला में परीक्षा के संचालन के लिए मैट्रिक परीक्षा के 36 केन्द्र पर व इंटर परीक्षा के 16 केन्द्र बनाये गए हैं। पहले दिन की परीक्षा में कम परीक्षार्थी रहने से मैट्रिक की परीक्षा सिर्फ 15 व इंटर की परीक्षा 12 परीक्षा केन्द्र पर ली गई। पहली पाली में मैट्रिक के लिए आईआईटी और वोकेशनल की परीक्षा में 1652 परीक्षार्थी में 1642 उपस्थित एवं 10 अनुपस्थित और दूसरी पाली में इंटर के लिए वोकेशनल विषय की परीक्षा में 2097 में 2083 उपस्थित और 14 अनुपस्थित पाये गये। सभी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे। अब 13 फरवरी को मैट्रिक के लिए कामर्स व होम साइंस व इंटरमीडिएट के लिए हिन्दी ए, अंग्रेजी ए की परीक्षा होगी।

## अनुप मौर्या बने छात्र राजद के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज़



आरा/भोजपुर। छात्र राजद प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा अनुप मौर्या को वीर कुँवर सिंह,विश्वविद्यालय,आरा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस खबर से संगठन में खुशी की लहर है और कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जतायी है कि संगठन को काफी मजबूती मिलेगी और विधानसभा चुनाव में काफी मददगार होगा। वहीं, छात्र नेता अनुप मौर्या ने कहा है कि प्रदेश नेतृत्व ने जिस भरोसा जताते हुए जिम्मेदारी दी है, उसे हर संभव निभाने का प्रयास करूंगा।अनुप मौर्या ने मनोनयन पर नेता विपक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं छात्र राजद प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के प्रति आभार जताया है।

कहा कि राजद द्वारा किये गए कार्यों एवं घोषणाओं को छात्र छात्राओं एवं जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। बधाई देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती कांति सिंह,पूर्व विधानपार्षद सदस्य लालदास राय, पूर्व विधायक बिजेंद्र प्रसाद यादव,पूर्व विधायक डॉ० अनवर आलम,पूर्व विधायक अरुण यादव,विधायिका किरण देवी, विधायक रामविशुन सिंह लोहिया, विधायक राहुल तिवारी, पूर्व मेयर सुनील कुमार यादव, राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया,प्रदेश महासचिव मनोज सिंह,जिलाध्यक्ष वीरबल यादव,रामबाबू पासवान, युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र राम,जिप अध्यक्ष आशा देवी,जिप उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह,जिलापार्षद सदस्य भीम यादव , राजद नेता किशोर कुणाल,आरती देवी,सोनू रजक ,धनंजय यादव,जिप्सा आनंद, हरिफन यादव,वरिष्ठ नेता महेश यादव, छात्र नेता गांगुली यादव,तेजू त्यागी, बिट्टू यादव,उत्तम यादव, विनोद चंद्रवंशी ,रजनीश यादव, सोनू राय, चल्लू यादव,गुड्डू यादव,मुन्ना राज, भोला महतो,जगदीश कुशवाहा, शिवकुमार शर्मा समेत अन्य ने बधाई दी।

## महिमा अपरंपार है जिछू मैया का



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। मलिकपुर पंचायत में प्राचीन और ऐतिहासिक धरोहर पर मां की पूर्णिमा का अवसर पर विशाल मेला लगा दीक्षा मैया के महिमा अपरंपार है सर विदित है कि संतान माता बहने अगर जिस समय में स्नान कर लेती है तो उसे महिला को और माता बहन को और संतान की प्राप्ति होती है ऐसी मान्यता ही नहीं कई लोगों ने संवाददाताओं के बारे में बताया भी लोक मान्यता के अनुसार कभी भी किसी भी दिन जी को पोखर में नहा करके मैया से मन्नत मांगा जाता है अब मन्नत पूरा होने पर लोग अपनी इच्छा अनुसार पार्टी दान करते हैं पार्टी लूटते हैं इस अवसर पर जमशेदपुर से पधारे हुए पुतुल कुमार बांका बौसी से पधारे अरुण कुमार ने बताया कि महिमा की महिमा परंपरा है विवाह के 13 साल बाद पुत्री हुई है मैया का मन्नत पूरा करने के लिए हम लोग आए थे इस अवसर पर मुखिया अरविंद कुमार सा सरपंच कुलदीप खेतान रणधीर सिंह सुनील आजाद पप्पू खान , शक्कु खा,सचिदानंद,अनुराग महलदार सहित अन्य लोगों मेला व्यस्था में लगे थे। कमिटी के सदस्य ने बताया कि लगभग 90 पाठी लोगों ने चढ़ाया है।

## पूसा बाजार में लगी आग तेरह दुकानें जलकर हुई राख

लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार



समस्तीपुर। जिले की पुसा थाना क्षेत्र के पुसा बाजार स्थित सैदपुर पुल के समीप हाथी चौक के पास मंगलवार देर रात करीब-करीब दो बजे एक दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते आग एक एक कर 13 दुकानों को अपनी आगोश में लेते चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की लपेटे इतनी तेज थी कि कुछ भी अगलगी की इस घटना में बचा पाना संभव नहीं था। एक अनुमान के तहत सभी दुकानों में रखा करीब 8 से 10 लाख से अधिक मूल्य का सामान जलकर राख हो गया।

घटना का कारण शॉर्ट शर्किट बताया जा रहा हैं। लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। अगलगी के इस घटना की जानकारी स्थानिय लोगों को तब मिली जब एक दुकान में सो रहे एक व्यक्ति ने शोर मचाना शुरू किया। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने मामले की जानकारी पुसा पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुँची पुलिस और दमकल कर्मियों ने स्थानिय लोगों की मदद से करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि इस घटना में किसी भी सोए हुए दुकानदार को कोई नुकसान नही पहुँचा हैं। दुकानदारों की मानें तो करीब 13 दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने बताया की सभी दुकानदार पुसा सीओ आवेदन देंगे। अग्नि पीड़ित दुकानदारों में श्रृंगार और जूता चप्पल के दुकानदार मो. असलम, फल दुकानदार अमृत सहनी, श्रृंगार दुकानदार अंशु कुमारी, कपड़ा दुकानदार मो. नौशाद, श्रृंगार दुकानदार

- दुकानदार थे अतिक्रमणकारि नहीं मिल पाएगा कोई सरकारी सहयोग

गोपाल साह एवं वीरेंद्र कुमार, चाय-नाश्ता होटल दुकानदार खुशबू देवी, फल दुकानदार अमरजीत कुमार, कपड़ा दुकानदार मो. जकील, फल दुकानदार संगीता देवी, आलू प्याज दुकानदार सोनू आदि शामिल हैं। इधर पूसा अंचलाधिकारी पल्लवी कुमारी ने पूछे जाने पर बताया कि घटना की जानकारी हुई है। लेकिन सरकारी प्रावधान के अनुसार केवल आवासीय परिसर में हुई आग लगी की घटना में सहयोग देने का प्रावधान है। जानकारी के अनुसार दुकानदार अतिक्रमणकारियों थे इसलिए वैधानिक तौर पर कोई सहयोग दे पाना संभव नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चंपारण रेंज के डीआईजी ने किया जांच





**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
महानिरीक्षक,चम्पारण क्षेत्र बेतिया हरकिशोर राय के द्वारा पुलिस केन्द्र बगहा का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस केन्द्र बगहा का निरीक्षण किया। इस दौरान चंपारण रेंज के डीआईजी ने रक्षित कार्यालय, शस्त्रागार, पुलिस मेस, उपस्कर शाखा, परिवहन शाखा, दिवा शाखा समेत सभी शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण किया तत्पश्चात पुलिस उप-महानिरीक्षक ने पुलिस के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण हेतु निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य के समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का जायजा लिया और पुलिस विभाग के जरूरतों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### काली मंदिर के जीर्णोद्धार को ले डीएम व एसपी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बुधवार को मस्तान टोला वार्ड नं0-24 काली स्थान मंदिर के निर्माण व उससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं को ले हिन्दू मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों के साथ 11:00 बजे पूर्वा० में अनुमंडल सभागार में जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज की संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें बिहार विधान पार्षद सदस्य भीष्म सहनी,अनुमण्डल पदाधिकारी, बगहा गौरव कुमार,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेंद्र, अंचल अधिकारी बगहा-1, थानाध्यक्ष बगहा तथा नगर परिषद, बगहा, वार्ड नं0-24 के दोनों पक्ष के सभी गणमान्य व्यक्ति क्रमशः जितेन्द्र राव, मोहम्मद तैयब, दयाशंकर सिंह, अफरोज आलम अमित कुमार, मो० अंजार, पप्पु तिवारी, एजाज कुरैशी, राकेश सिंह, अफताब अंसारी, विनोद शाही एवं अन्य 70 व्यक्तियों ने अपनी-अपनी बातों को रखे, जिसके उपरांत उपस्थित पदाधिकारी व व्यक्तियों से वार्ता के बाद सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्व के स्थान पर ही किया जायेगा। अन्य कोई नव निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा।

# आईजीआईसी पटना में होगी बाल हृदय रोगियों की स्क्रिनिंग, 24 बच्चे एम्बुलेंस से हुए रवाना

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
दिल में छेद वाले गंभीर बच्चों की सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद में होती है निःशुल्क सर्जरी : डॉ रमेश चंद्रा ।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत हृदय रोग से पीड़ित जिले के विभिन्न प्रखंडो के 24 बच्चे को उनके अभिभावकों के साथ बेहतर इलाज के लिए जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया से अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने हरी झंडी दिखाते हुए एम्बुलेंस को इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान पटना रवाना किया। उन्होंने बताया की वहां इन बच्चों की कैंप में स्क्रीनिंग की जाएगी, जहाँ सामान्य रोग होने पर पटना में ही इलाज की जाएगी, वहीं गंभीर हृदय रोग होने पर अभिभावकों के साथ हवाई जहाज से सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद रवाना किया जाएगा। जहां इनके हृदय में छेद की निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। डॉ चंद्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत अब तक 84 बच्चों को भेजकर हृदय का जाँच कराया जा चुका है जिसमें से 45 बच्चों का अब तक निःशुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है।डॉ चंद्र ने कहा की जिले के लिए यह ख़ुशी की बात है की मिडिया के सहयोग से लोग जागरूक हुए है जिसके कारण अब सभी प्रखंडो के लोगों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का लाभ मिल रहा है। आरबीएसके के जिला समन्वयक रंजन मिश्रा ने बताया की जिले के सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्र पर ऐसे बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद ऐसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें विशेष इलाज की सुविधा हेतु एम्बुलेंस से पटना रेफर किया जाता है। उसके बाद गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद उनके अभिभावक के साथ भेजा जाता है, जहां रहने, खाने,इलाज की सभी व्यवस्था के साथ ही हवाई जहाज के टिकट की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।

**इन प्रखंडो के बच्चे हुए रवाना :** जिले के मझौलिया से- 4,नौतन -3, भीतहाँ- 2,पिपरासी -2, बेतिया -2, नरकटियागंज -2, बगहा 1 से -1 बगहा 02- 1, लौरिया- 1, योगापट्टी- 1, मैनाटांड 02, चनपटिया -2, बैरिया 1 कुल 24 बच्चों को डॉ अफरोज आलम के देखरेख में भेजा गया। समन्वयक रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जीरो से 18 साल तक के बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाता है उन्होंने नंबर जारी करते हुए कहा की हृदय में छेद जैसी गंभीर समस्या हो तो जिला स्तर पर इस +91 84060 65835 नंबर पर सम्पर्क करें।

**कैंप लगाकर की जाती है बच्चों की स्क्रीनिंग :** डॉ आरएस मुन्ना ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 43 प्रकार की बीमारियों की जांच चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कैंप लगाकर समय-समय पर की जाती है। जांच के दौरान कुछ बच्चों में हृदय रोग से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर उन्हें जिले के अस्पताल में स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को उनके माता-पिता और जरूरी कागजातों के साथ निःशुल्क एम्बुलेंस पटना और उसके बाद विमान से सत्य साइ हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावक से अपील करते हुए कहा की ऐसे बच्चों की जानकारी होने पर सरकारी अस्पताल या जिला स्वास्थ्य समिति के जिला समन्वयक रंजन कुमार से सम्पर्क करें। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा,डॉ आर एस मुन्ना,जिला समन्वयक रंजन कुमार मिश्रा,डॉ अफरोज आलम,सोनू कुमार वर्मा, मनीष कुमार, धीरज कुमार, सिफार के डीसी सिद्धांत कुमार व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य लोग उपस्थित थें।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर राष्ट्रीय लोक निर्माण पार्टी ने कार्यकर्ता को किया सम्मानित




लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**गायघाट** । बुधवार को बैगन चौक, मुरौल प्रखंड मुजफ्फरपुर में संत शिरोमणि रविदास जयंती राष्ट्रीय लोक निर्माण पार्टी द्वारा विजय कुमार सुमन के अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता श्याम कुमार ने बताया कि संत रविदास जूते बनाने का काम करते थे वे जूते बनाते समय इतने मग्न हो जाते थे जैसे स्वयं भगवान के लिए बना रहे हों।वे भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किए।राष्ट्रीय महासचिव केदार प्रसाद सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी प्रकार से वे भक्ति मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद पटेल ने बताया कि उनके द्वारा दी गई शिक्षा आज भी प्रासंगिक है. मन चंगा तो कठौती में गंगा। उनका यह प्रसंग बहुत लोकप्रिय है।इसका अर्थ है कि यदि मन पवित्र है और जो अपना कार्य करते हुए, ईश्वर की भक्ति में तल्लीन रहते हैं उनके लिए उससे बढ़कर कोई तीर्थ स्नान नहीं है।संत शिरोमणि रविदास जयंती पर राष्ट्रीय लोक निर्माण पार्टी ने कार्यकर्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर सकरा प्रखंड प्रभारी रणधीर कुमार,कुढ़नी प्रखंड अध्यक्ष राजा कुमार एवं मुरौल प्रखंड के 9 पंचायत से कार्यकर्ता के साथ साथ मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता श्याम कुमार ,राष्ट्रीय महासचिव केदार प्रसाद सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद पटेल, राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओम कुमार सिंह,राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रंजीता कुशवाह सीमा कुमारी महासचिव, विनोद पटेल उपस्थित थे।

## बच्चों के आपसी विवाद में मारपीट की घटना पांच लोग हुए घायल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
मंगलवार को बेतिया नगर थाना क्षेत्र के बसवरिया मोहल्ले में बच्चों के आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट कि घटना घटी हैं जिसमें करीब चार-पांच लोग घायल हो गए। एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई, जिसमें किसी को घायल होने की खबर नहीं है। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस के द्वारा चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति सामान बताई गई है। घटनास्थल पर पुलिस कैंप कर रही है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नगर थाना के बसवारिया इलाके में विधि विरुद्ध बालको के दो गुट में झड़प हो गई। झड़प के कुछ देर बाद दुबारा एक गुट के लोग वापस आए और हाथापाई करने लगे। इसी दौरान इनके द्वारा फायरिंग की गई। घटना के 05 मिनट के अंदर बाइक क्यूआरटी घटनास्थल पर पहुंच गई और फायरिंग करने वाले गुट के तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमे दो बालक विधि विरुद्ध हैं। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला टीम को बुला लिया गया है पुलिस अधीक्षक महोदय, पश्चिमी चंपारण बेतिया के द्वारा तत्काल नगर थाना पर पहुंचकर इसके संबंध पूछताछ कर अनुसंधान का दिशा निर्देश दिया गया। आमजन से अपील है की इस संबंध में किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें।

## मीडिया का धौस दिखाकर पुलिस को चकमा देने के फिराक में थे शराब कारोबारी, शराब कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
गंडक पार के धनहा से विदेशी शराब के साथ कार को जप्त करते हुए दो शराब कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए आगे की कार्यवाही में जुट गई है। ज्ञात हो कि शराब कारोबारी बांसी चेक पोस्ट से अंगेजी शराब की खेप लेकर बेतिया के लिए रवाना हुए, गुप्त सूचना के आलोक में धनहा थाना के थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ तमकुहा विजय चौक पर तलाश शुरू की पुलिस ने सेंट्रो कार को रोककर तलाश करनी चाही, लेकिन प्रेस आईडी दिखाते हुए, धौस दिखाकर पुलिस को शराब कारोबारियों ने चकमा देना चाहा लेकिन नाकामयाब रहे, कार जांच के दौरान शराब की खेप को बरामद करते हुए कार को जप्त कर दोनो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने जानकारी दते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक उजला कलर के सेंट्रो कार से शराब की खेप लेकर दो शराब कारोबारी बांसी से धनहा की तरफ निकले है। सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ तमकुहा विजय चौक पर उक्त कार का इंतजार किया, जैसे ही कार चौक पर पहुँची पूर्व के जाल बिछाए हुए दल बल ने चारों तरफ से घेर लिया, जिसमे एक व्यक्ति अपना प्रेस आईडी कार्ड दिखाते हुए, धौस दिखाने लगा, जब कार की तलाश की गई तो सेंट्रो कार की डिक्की से 72 पीस किंग फिसर नामक बियर व 10 पीस रॉयल स्टेज नामक अंग्रेजी शराब को बरामद किया, प्रेस आईं कार्ड पर हिंदुस्तान टीवी न्यूज का रिपोर्टर वसीम अहमद महावत टोली बेतिया नगर थाना क्षेत्र का निवासी है। वही दूसरे व्यक्ति की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के सूरज साह ढ़ाठ सरैया का निवासी है। दोनो के बिरूद्ध धनहा थाना कांड संख्या अंकित करते हुए न्यायालय भेजने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है।

## बेतिया : डीआईजी ने परेड निरीक्षण के उपरांत पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में किया संबोधित

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बेतिया उपमहानिरीक्षक हरिकिशोर राय ने मंगलवार की दोपहर बगहा पुलिस जिला पहुंचे । जहां बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के निर्देश पर सार्जेंट मेजर द्वारा विमल बाबू खेल मैदान में पुलिस केन्द्र के जवानों द्वारा परेड की तैयारी कि गई थी। डीआईजी ने बगहा एसपी के साथ खुली जिप्सी पर सवार डीआईजी परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात डीआईजी पुलिस पदाधिकारियों समेत जवानों को उनके कर्तव्यों के बाबत संबोधित किया। विधि व्यवस्था संबंधी कई आवश्यक निर्देश भी दिए। डीआईजी ने कहा कि लगातार प्रैक्टिस से परेड में निखार आता है। हालांकि अन्य जिलों की अपेक्षा बगहा का परेड संतोषजनक रहा। उन्होंने सभी से बेहतर कार्य करते हुए बिहार पुलिस का नाम रोशन करने की बात कही। पुलिस मुख्यालय द्वारा लगातार संसाधनों को बेहतर किया जा रहे हैं। जितना भी संसाधन मिले उसी में बेहतर कार्य करते हुए पुलिस का मान बढ़ाना है। डीआईजी ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के अनुसार 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिस पदाधिकारी व सिपाहियों के पूर्व वर्तमान के क्रियाकलापों और फिटनेस का निरीक्षण किया जायेगा। फिजिकल अनफिट व दागियों को चिन्हित कर उन पर कारवाई की जायेगी। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा कुमार देवेंद्र, सार्जेंट मेजर समेत दर्जनों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ऑटो से पुलिस गाड़ी की टक्कर के बाद,जोरदार हंगामा

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
मोतिहारी जिले के केसरिया से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि एक पुलिस वाले को लोग थप्पड़ों से पिटाई कर रहे हैं। घटना मंगलवार शाम की है, जहां सड़क दुर्घटना के बाद यह नजारा देखने को मिला है। दरअसल, मंगलवार की शाम केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर पंचायत के गांधी चौक पर चकिया से आ रहे ऑटो को केसरिया पुलिस की एक बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया था। जिस घटना में ऑटो में सवार इंटर की दो छात्राओं समेत चार लोग जख्मी हो गए थे। पुलिस की गाड़ी से टक्कर होने के बाद स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस वाहन के चालक को लोगों ने थप्पड़ से पिटाई कर दी.मिली जानकारी के अनुसार, इंटर की परीक्षा देकर दो छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ एक रिजर्व ऑटो से सिसवा पटना गांव स्थित अपने घर लौट रही थी. उसी दौरान राजपुर चौक के पास केसरिया पुलिस के बोलेरो से टेम्पू की आमने-सामने की टक्कर हो गई. जिस घटना में छात्रा प्रियम कुमारी, राजू राउत और अजय राम समेत चार लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई और ग्रामीणों ने गाड़ी समेत पुलिस कर्मियों को बंधक बना लिया। उसी दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस वाहन के चालक की पिटाई कर दी। जिसका वीडियो अब सामने आया है. घटना में जख्मी चारों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की शाम केसरिया अंचल निरीक्षक की गाड़ी तेल लेने जा रही थी। उसी दौरान ऑटो से टक्कर हो गई, जिसमें 3 बच्चे और उनके अभिभावकों को हल्की चोट लगी थी. जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया. जिसके बाद सभी अपने घर चले गए. इस घटना के बाद कुछ स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा होकर हो हल्ला करने लगे और ड्राइवर के साथ मारपीट की. जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने किया प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा।

# मोतिहारी: आवास योजना प्लस टू के सर्वे कार्य में तेजी लाएं सर्वेयर : उप विकास आयुक्त

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिला भर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक, आवास सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवकों के साथ प्रधानमंत्री आवास प्लस टू योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किए जा रहे सर्वे के कार्य में तेजी लाने का निर्देश उप विकास आयुक्त के द्वारा दिया गया है। उप विकास आयुक्त के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जहां भी कार्य में प्रगति नहीं दिखेगी उन सर्वेयर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवास योजना के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार पात्र सभी परिवारों का चयन किया जाना है एवं उससे संबंधित फोटो उपलब्ध कराए गए वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। आवास सर्वे का कार्य जिला में लगातार चल रहा है परंतु इस कार्य में और तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी सर्वेयर इस कार्य को प्राप्त गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए पूरी तत्परता से करें एवं किए गए सर्वे का फोटो प्रतिदिन अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सभी सर्वेयर को यह प्रमाण पत्र देना होगा कि उनके क्षेत्र में कोई भी पात्र लाभुक नहीं छूटा है। अगर इसके बाद भी कहीं से कोई शिकायत मिलेगी तो उस सर्वेयर चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महादलित टोले में पूरा



फोकस किया जाए और एक-एक व्यक्ति से बात कर यह देख लिया जाए कि किन्हीं को आवास की आवश्यकता तो नहीं है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च सर्वे की अंतिम तिथि निर्धारित है परंतु 31 मार्च का इंतजार किसी को नहीं करना है और यह कार्य इसके पहले ही पूरा कर लिया जाना है। मंगलवार की बैठक में यह भी बताया गया कि वैसे सर्वेयर जिनके विरुद्ध शिकायत मिली है उनसे स्पष्टीकरण किया गया है और उनके विरुद्ध साक्ष प्राप्त हुए हैं। इस आधार पर तीन सर्वेयरों को चयन मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है। आवास प्लस टू अंतर्गत अभी तक कुल 73405 सर्वेक्षण किए गए हैं। सबसे अधिक सर्वेक्षण हरसिद्धि में 5980 एवं सबसे कम सर्वेक्षण पिपरा कोठी में मात्र 675 ही पूरा किए गए हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति/ जनजाति टोले के सर्वेक्षण के मामलों में आदापुर, अरेराज, छौरादानो एवं केसरिया प्रखंड में सबसे कम सर्वे का कार्य किया गया है। यहां पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सेल्फ सर्वे का कार्य भी स्वयं लाभुकों के द्वारा किया जा रहा है एवं पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है इस तरह से जिला में अभी तक सेल्फ सर्वे के 10598 एवं असिस्टेट सर्वे 62807 पूर्ण किया गया है। इस प्रकार जिला में अभी तक कुल 73405 सर्वे का कार्य किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ निदेशक डीआरडीए एवं डीपीओ मनरेगा, पूर्वी चंपारण भी उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में बगहा दो प्रखण्ड में पंचायत समिति की बैठक हुई सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा दो में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख शिवकुमारी देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रखंड के बीडीओ बिड़ू कुमार राम ने किया।वही ससमय परिमार्जन कार्य,नियमित रूप से केंद्र संचालन नहीं होने के मुद्दे पर पंचायत समिति सदस्यों ने नाराजी व्यक्त की।जिस पर बीडीओ ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके बाद पंचायत के विकास के योजनाओं पर चर्चा हुई।विभिन्न पंचायत के आम सभा से पारित करीब 5 करोड़ की योजनाओं को पंचायत समिति की बैठक में पारित किया गया।प्रखंड के बीडीओ ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में 15वीं वित्त आयोग एवं षष्ठम योजना के तहत से चयनित योजनाओं पर कार्य किया जाएगा।उन्होंने बताया कि शव दाह गृह,सड़क निर्माण,जलापूर्ति व्यवस्था,सामुदायिक शौचालय आदि से जुड़ी योजनाए चयनित की गई है।बाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह और उर्फ रिंकू सिंह ने भी क्षेत्र के विकास को लेकर विधानसभा में किये गये कार्यों की जानकारी दी।उन्होंने बताया सरकार की ओर से बाल्मीकि नगर में लव कुश पार्क,दोन नहर पर सड़क निर्माण,मदनपुर पनियहवा सड़क के साथ-साथ गनौली के पास मनोर नदी पर पूल निर्माण का कार्य सरकार के स्तर से किया जा रहा है।जिससे क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाये।उन्होंने कहा कि योजना में किसी भी स्तर पर कोताही एवं शिथिलता पर संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई भी की जाएगी।इस अवसर पर प्रखंड के उप प्रमुख शत्रुघ्न सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,मुखिया उपेंद्र दीक्षित,बीडीसी इंद्रजीत राम आसमा खातून,ज्ञानती देवी,संगीता देवी,कुंती देवी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मध निषेध अभियुक्त को भेजा जेल



**खानपुर/समस्तीपुर।** खानपुर थाना पुलिस के अपर थानाध्यक्ष पी चौधरी द्वारा थाना कांड संख्या 3/25 बिहार मध निषेध क्री धारा तीस ए के अभियुक्त शीला देवी पति बबलू महतो सकिन सिरोपट्टी थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को आज पूर्वाहन में विधिवत गिरफ्तार किया गया वही रात्रि विती रात्रि समकालीन वाहन चेकिंग के दौरान देसी शराब के साथ अभियुक्त शत्रुघ्न पासवान पिता बलदेव पासवान साकिन श्रीपुरगाहर चौक थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्त में लेते हुए थाना कांड संख्या 33/25 धारा तीस ए बिहार मध निषेध दर्ज कर दोनों अभियुक्त को माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते उचितमार्गरक्षण में भेजा गया क्री पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने क्री है।

### जगदीशपुर : रविदास जयंती समारोह लोगों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखण्ड के पश्चिमी आयर पंचायत में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह लोगों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर लोगों ने सबसे पहले संत रविदास जी की पूजा पाट की और उनकी महानता को याद किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की और संत रविदास जी को महान संत बताया। साथ ही पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में उनके योगदान को याद किया। पंचायत के मुखिया उमेश कुमार सिंह उर्फ उमेश कुशवाहा, नंदकिशोर दास, रामनिवास अशोक कुमार सिंह सहित अन्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जय कुमार ने किया। जनार्दन राम तारकेश्वर राम, रवि कुमार, कृष्ण व मोहन सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व में लिए गए परीक्षाओं में सफल छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।

### चिनिया प्रखंड में विकास माली का चला भिक्षाटन अभियान, समाज से सहयोग की अपील



**गया ।** जिले के चिनिया प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान किया है। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया है। साथ ही, लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस पहल के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने संपन्न वर्ग और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सहयोग दें, जिससे 351 बेटियों का विवाह सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जाएगा।इस अभियान में विकास माली के साथ अजय वर्मा, मोहम्मद फरीद अंसारी, विभूति पांडेय, विकास तिवारी सहित कई ग्रामीण गांव-गांव जाकर लोगों को इस पहल में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

### ए डिवीजन लीग मैच में युवा शक्ति कादिरगंज की टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा द्वारा सिरदला के लौंद हाई स्कूल मैदान में आयोजित ए डिवीजन लीग में आज युवा शक्ति क्रिकेट क्लब कादिरगंज का मुकाबला लौंद क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें लौंद क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 .3 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लौंद क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज उमर चौधरी ने 25 दीपू ने 21 और कपिल ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। कोई भी खिलाड़ी बड़े स्कोर करने में नाकाम रहे। गेंदबाजी करते हुए युवा शक्ति क्रिकेट क्लब कादरीगंज के गेंदबाज रितिक शर्मा ने तीन सौरभ कुमार ने तीन जबकि सचिन यादव ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कादरीगंज की टीम मात्र 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर मैच को जीत लिया। युवा शक्ति के बल्लेबाज सूरज कुमार ने शानदार 85 जबकि धर्मवीर ने 16 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। इस तरह से करो या मरो के मैच में आज युवा शक्ति क्रिकेट क्लब ने लौंद क्रिकेट क्लब को हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

# नवादा : आशीर्वाद सह विदाई समारोह में भावुक हुए बारहवीं के विद्यार्थी

**लोक तंत्र कीआवाज**

**नर्सरी से लगातार 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दिया गया लॉन्ग एकेडमीक कैरियर अवार्ड**



**नवादा।** स्थानीय मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर में बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं की ओर से आयोजित इस समारोह में सबने मिलकर विद्यालय की यादों को ताज किया। विदाई समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन डॉ अनुज सिंह ,प्राचार्य गोपाल चरण दास , उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर कुमार सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण उपरांत दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ ग्यारहवीं वीं की छात्राएं रिद्धि ,सौभ्या,शिखा, रुचिका,अनुप्रिया के द्वारा स्वागत गीत से अभिनंदन के साथ किया गया। एकल गीत पर जिंदगी के सफर में गरिमा ने अपनी सुरीली आवाज से सब का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुकाबला गीत पर नाम्या माथुर ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इसके बाद रोशनी, शम्मी, श्रेयांशी ,रुपाली, नंदनी ने खूबसूरत लोक नृत्य को पेश किया। गरिमा ,स्तुति ,प्रेरणा ने अक्सर इस दुनिया में गीत पर अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दी । हर्ष ने खाई के पान बनारस वाला गीत पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। 12वीं की छात्रा रोशनी सिन्हा ने आजा नचले गीत पर शानदार प्रस्तुति दी एवं उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया।बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। इस विदाई समारोह में ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक तीन घंटे तक लगातार तक जारी रही। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। छात्रों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा दर्शकों की वाहवाही बटोरी। विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि ''एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो- उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। उस विचार से अपने मस्तिष्क, पेशियों, कोशिकाओं, शरीर के हरेक भाग को उससे भरने दो और दूसरे अन्य विचारों को अकेला छोड़ दो। यही सफलता का रास्ता है। विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते हैं।इंसान को जिंदगी भर हर चीज को सीखने की जरूरत होती है। वहीं कोई भी इंसान परिपूर्ण नहीं है। इंसान इसी धरती पर आकर हर चीज की जांच, परख कर सीखता है। वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिन्हा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को बहुत जानकारी दी।उन्होंने अपने विदाई समारोह के मौके पर छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि आप सीखने का प्रयास हर वक्त करें। किसी भी चीज को निडर होकर सीखें। साथ ही निडर होकर पढ़ाई करें। निडरता के साथ ही अगर आप सीखते हैं या पढ़ते हैं तो आपको अच्छी मंजिल अवश्य मिलेगी। छात्र छात्राओं को उन्होंने अपने देश में योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह का समापन आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्र गान के साथ किया गया।

# समस्तीपुर : मनाया गया संत रवि दास जयंती



**लोकतंत्र की आबाज**

**समस्तीपुर।** बुधवार को जनवादी लेखक संघ की समस्तीपुर जिला इकाई की ओर से जिला मुख्यालय के बारह पत्थर मुहल्ले में संत रविदास की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनवादी लेखक संघ के जिला अध्यक्ष शाह ज़फ़र इमाम ने की, जबकि संचालन जनवादी लेखक संघ के कार्यकारी जिला सचिव डॉ अरुण अभिषेक ने किया। कार्यक्रम में जनवादी लेखक संघ के कार्यकारी जिला सचिव डॉ अरुण अभिषेक, उपाध्यक्ष एवं उर्दू के शायर कासिम सबा, डॉ श्यामा कांत महतो,अरविंद सत्यदर्शी, राम प्रकाश यादव, मोहम्मद अयूब, अरविंद कुमार दास एवं शंभू शरण यादव ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने संत रविदास को एक महान संत कवि की संज्ञा देते हुए उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में चित्रित किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में शाह ज़फ़र इमाम ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी संत रविदास ने अपने कर्म और अपनी वाणी से अपने युग के धार्मिक अंतरविरोधों की व्याख्या करते हुए एक सच्चे धार्मिक व्यक्ति के रूप में अपने आपको स्थापित किया। उन्होंने कहा कि मन की शुद्धता ही सही धार्मिकता होगी। तभी तो उन्होंने कहा था मन चंगा तो कठौती में गंगा कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में पिंकी कुमारी, आयुष अभिषेक, आयूषा एवं अनीषा सहित कई साहित्य प्रेमी शामिल थे। कार्यक्रम के पूर्व जनवादी लेखक संघ की जिला इकाई की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में अधिक से अधिक हिन्दी और उर्दू के लेखकों को संगठन में शामिल करने, एकल काव्य पाठ के साथ - साथ वैचारिक गोष्ठी आयोजित करने तथा अप्रैल के दूसरे सप्ताह में संगठन का जिला सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष शाह ज़फ़र इमाम ने की जिसमें उपर्युक्त सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# समस्तीपुर : नौकरियों में 70 प्रतिशत डोमिसाइल लागू हो : रौशन कुमार

**लोकतंत्र की आबाज**

**समस्तीपुर।** आइसा-आरवाईए द्वारा बदलो बिहार छात्र-युवा संघर्ष यात्रा का ताजपुर पहुंचने पर स्थानीय आइसा-आरवाईए एवं भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल छात्र-युवा नेताओं को डंका बजाकर आगवानी किया। गांधी चौक पहुंचने पर छात्र-युवा नेताओं को माला पहनाकर भी स्वागत किया। मौके पर महात्मा गांधी के प्रतिमा एवं रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित आइसा राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी, आरवाईए के जिला सचिव रौशन कुमार, आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज, दीपक यदुवंशी , गौतम कुमार, मो० फ़ैज़, मनीषा कुमारी, मो० एजाज, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, जीतेंद्र सहनी, मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, रत्न सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, ललन दास आदि ने किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए आइसा के जिला सचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में शिक्षा-परीक्षा एवं बहाली पर राज्य सरकार के संरक्षण में माफिया तंत्र का कब्जा है।आरवाईए के जिला सचिव रौशन कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए पंचायत स्तर पर उच्च विद्यालय एवं डीग्री कालेज खोलने, नौकरियों में 70 प्रतिशत डोमिसाइल लागू करने, 5 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने, छात्र संघों का चुनाव कराने, युवा आयोग का गठन करने की मांग की। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आइसा के स्थानीय नेता जीतेंद्र सहनी ने 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले द्वारा आहूत बदलो बिहार महाजुटान रैली को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने की अपील प्रखंड के छात्र-युवाओं से की।

# अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मननपुर सारी सुविधाओं से लैस, लगातार बढ़ रही मरीज को 24 घंटे सर्विस

**लोक तंत्र कीआवाज**




**लखीसराय (सुजीत कुमार )।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मननपुर में आज कहीं न कहीं मरीजों की संख्या काफी बढ़ी हुई दिखाई देती है। इसका सबसे बड़ा योगदान यहां के तीन एएनएम और एक सीएचओ निधि गुप्ता की है क्योंकि अगर यहां इलाज परिपूर्ण तरीके से नहीं होता तो आज बढ़ी हुई मरीजों की संख्या सच साबित कर देती लेकिन सेंटर पर मरीजों की बढ़ी हुई संख्या बताती है कि कहीं ना कहीं इलाज के साथ लोगों को मिलने वाली दवाइयां भी परिपूर्ण है तभी तो पूरे विश्वास के साथ लोग यहां पहुंचकर अपना इलाज करवाने में लगे रहते हैं। बात एएनएम और सीएचओ की करें तो नियत समय से अपनी ड्यूटी परिपूर्ण करने में रहते हैं बाहरी नजारे को भी देखकर यहां यह समझ आता है कि वातावरण शुद्ध हो तो बीमारियां भी कभी नहीं असर करती है ऐसा ही नजारा इस सेंटर पर भी है यहां के एएनएम और एक सीएचओ से भी जिनकी ड्यूटी यहां है से जानकारी हासिल करने पर पाया गया कि यहां इमरजेंसी के लिए बेड सहित ड्रेसिंग के लिए छोटा सा जगह भी उपलब्ध है फैमिली प्लानिंग एंड एएनसी कमरे की भी सुविधा है साथ ही ओपीडी कमरे की भी व्यवस्था है। जहां गर्भवती महिला की जांच की जाती है। एएनसी कमरे में लिखी सारे बैनर लोगो को निर्देश देने का काम करती हैं। यहां पहुंचने वाले कुछ मरीज ऐसे भी होते हैं जिनका बीपी और चीनी लेबल क्लियर नहीं हो पाता है उसे हम लोग टेली कंसंट्रेशन के तहत ऑनलाइन करते हैं और जो डॉक्टर इसके लिए बैठे हुए हैं उनके द्वारा हमें निर्देश दिया जाता है और हम उन्हें दवा देते हैं। यहां तीस से लेकर चालीस मरीज प्रतिदिन आते हैं यहां 12 प्रकार की सर्विस दी जाती है जिनमें चाइल्ड हेल्थ केयर, फैमिली प्लानिंग, कॉमनी केवल डिजीज, नॉन कॉमनी केवल डिजीज, जेनरल ओपीडी आदि शामिल हैं। यहां दबाओ में 140 प्रकार की दवा उपलब्ध होती है।वही रात्रि में होने वाली परेशानी को लेकर एंबुलेंस का नंबर संग डॉक्टर का नंबर यहां दीवारों पर लिखा हुआ उपलब्ध है। एम्बुलेंस उन मरीजों को सीएससी रामपुर ले जाते हैं। तीन एएनएम और एक सीएचओ उपलब्ध हैं।

# गया : विकास माली का भिक्षाटन अभियान, भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई शुरुआत

**लोकतंत्र की आवाज़**



**गया।** जिले के रमना प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान चलाया है। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई है। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। साथ ही, लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस पहल के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने संपन्न वर्ग और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में सहयोग दें, ताकि 351 बेटियों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जाएगा।इस अभियान में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली, रमना प्रमुख करुणा सोनी, मरवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलिदाग मुखिया अनिता देवी, अजित सोनी, मंजर खान, मुकेश कुमार, रौशन कुमार, विकास तिवारी, विभूति पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

# नये उत्पाद सांवरिया भोग का समारोह पूर्वक शुभारंभ

**लोकतंत्र की आबाज**



**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर फ्रोजेन फूड्स प्राईवेट लिमिटेड की एक शानदार पेशकश के तहत जिले के कल्याणपुर थानान्तर्गत स्थित गोपालपुर भुट्टा चौक पर कीर्ति राइस मिल परिसर में एक नये उत्पाद सांवरिया भोग का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। मिल के संस्थापक पिता विमल केडिया, मां सुनीता केडिया, भाई विनायक केडिया सहित समस्त केडिया परिवार की उपस्थिति में रुचि केडिया, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बटन दबा कर मिल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री केडिया ने बताया कि सांवरिया भोग के सभी उत्पाद 100 फीसद शुद्धता और प्राकृतिक स्वाद से युक्त गुणवत्तापूर्ण होंगे। इन मामलों में हम समझौता नहीं कर सकते। क्योंकि बात उपभोक्ता के स्वाद और सेहत का है। उन्होने कहा कि हम सांवरिया भोग बैनर तले फिलहाल आटा, और बेसन, बाजार में उपलब्ध करायेंगे। इस केलिये किसानों से सीधे चना, गेहूं खरीदेंगे और आटा, बेसन आदि तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सूजी, सत्तू, मैदा, चावल, मक्का, सामा, मड़ुआ आदि का भी आटा उत्पादन करेंगे। मौके पर डॉ अमृता कुमारी, डॉ कनुप्रिया मिश्रा, डॉ राजीव कुमार मिश्रा, संजय कुमार राजा मुकेश केडिया, दिनेश केडिया, महेंद्र केडिया, दिलीप केडिया, राहुल केडिया, आंचल केडिया, वीणा केडिया, संगीता केडिया, संतोष केडिया, मेघा केडिया, शिवम केडिया, अनुराग केडिया, यशवंत कुमार, सुजीत खेमका, स्वाति खेमका, अमित कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# गया : समाचारपत्रों की समस्याओं के समाधान पर केंद्र गंभीर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समाचारपत्रों के हित में दिया निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज़**

**गया ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के समाचार पत्रों की मौजूदा समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम उठाने का निर्देश भारत के समाचार पत्रों के महापंजीयक और केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक को दिया है। वैष्णव ने मंगलवार को यह निर्देश उनसे मिलने गये अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से समाचार पत्रों के समक्ष उत्पन्न मौजूदा समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बाद दिया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संयोजक एवं वरिष्ठ संपादक कमल किशोर ने किया है। प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, वेद प्रकाश, हिमांशु शेखर, मधुकर सिंह, नित्यानंद शुक्ला, देवन राय, दिग्विजय सिंह, संजय पोद्दार, साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर, मो कबीर, शमी अहमद, फैज अकरम, खुर्शीद अहमद प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बता दें कि अखिल भारतीय समाचारपत्र प्रकाशक-संपादक संघ की केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित रेल भवन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात की है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाचारपत्रों के समक्ष उत्पन्न



समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करना था।

**मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लिया**

इस क्रम में मंगलवार को संघ का शिष्टमंडल रेल भवन पहुंचा और केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और समाचारपत्रों को आ रही परेशानियों को समझते हुए तत्काल राहत देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने पीआरजीआई एक्ट 2023 के जटिल प्रावधानों पर तत्काल रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। लघु एवं मध्यम समाचारपत्रों की भूमिका लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इस बात की जानकारी मिली है कि पीआरजीआई एक्ट 2023 के कुछ प्रावधानों से समाचारपत्रों के संचालन में कठिनाइयाँ उत्पन्न हुई हैं। सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है, और जल्द ही आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देशभर के समाचारपत्र निर्बाध रूप से कार्य कर सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि समाचारपत्रों के संचालन में सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी और उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

**प्रेस महापंजीयक और सीबीसी महानिदेशक से भी हुई वार्ता:** मंत्री से मुलाकात के बाद शिष्टमंडल ने सूचना भवन में भारत के प्रेस महापंजीयक भूपेंद्र कैंथोला एवं सीबीसी केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक वाई के बवेजा से भी मुलाकात की है। इस दौरान विभिन्न समाचारपत्रों के प्रकाशकों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा है। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस महत्वपूर्ण वार्ता में प्रेस महापंजीयक ने भी प्रकाशकों को आश्वासन दिया कि पीआरजीआई एक्ट में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे तथा समाचारपत्रों की प्रसार जांच की अवधि को भी बढ़ाया जाएगा।

**समाचारपत्रों के लिए राहत की उम्मीद:** सीबीसी के महानिदेशक ने भी प्रकाशकों को यह भरोसा दिलाया कि सीबीसी द्वारा जारी रेट कार्ड की अवधि को विस्तार देने पर विचार किया जाएगा ताकि समाचारपत्रों को वित्तीय संकट से उबरने में मदद मिल सके। इस बैठक के दौरान शिष्टमंडल ने सभी संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा है।

**समाचारपत्रों के अस्तित्व पर संकट और संघ की पहल:** पीआरजीआई एक्ट 2023 के लागू होने के बाद से कई लघु एवं मध्यम समाचारपत्रों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया था। इस कानून के जटिल प्रावधानों ने छोटे समाचारपत्रों के संचालन में कई कठिनाइयाँ उत्पन्न कर दी थीं। इन्हीं समस्याओं को हल करने के लिए अखिल भारतीय समाचारपत्र प्रकाशक ,संपादक संघ का गठन हुआ था। संघ की पहली बैठक रांची में हुई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि देश के विभिन्न राज्यों से प्रकाशित समाचारपत्रों के प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर अपनी समस्याएँ रखेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गाजे-बाजे के साथ व धुम धाम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। अनुमंडल क्षेत्र के सलखुआ प्रखंड के सलखुआ में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। सलखुआ प्रखंड के विभिन्न सड़क मार्ग से होकर गाजे बाजे के साथ धुम धाम से मनाया गया एवं सैकड़ों महिला पुरूष एवं बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक रामचरित्र दास एवं जनता मुल निवासी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की झांकी निकाल कर वालचंद स्थान, सलखुआ बाजार, डीहटोला, चकलाटोला, ब्लॉक चौक ,नवलिया स्टेशन चौक, गौठटोला होते हुए कबीर चौराहा पोखरपार पर झांकी कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह 10:00 से सत्संग समारोह चलाता रहा। इस कार्यक्रम में महिला , नौजवानों एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । मौके पर हरिमोहन राम, देवनारायण राम, विजय किशोर राम, शिवनारायण राम सहायक शिक्षक, नरेश राम, मनोज राम, रवि रंजन कुमार, अरुण राम ,शंकर राम, दिलीप कुमार राम, सत्संग प्रेमी जयकुमार राम, चंदेश्वरी दास सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। वहीं सत्संग में भारी संख्या में श्रोता ने सत्संग सरबन किया।

### डा. जवाहर पासवान ने संत रविदास की जयंती पर उनके उपदेशों को समाज में समरसता व समानता का बताया मार्गदर्शक

लोक तंत्र कीआवाज



मुरलीगंज। पूज्य संत गुरु रविदास ने समाज से भेदभाव के उन्मूलन और समानता की स्थापना के लिए न केवल अपना जीवन समर्पित किया, बल्कि उनके द्वारा दिए गए उपदेश और संदेश समाज में सामाजिक समरसता और सौहार्द की भावना को मजबूत करने के प्रेरणास्त्रोत बने हैं। यह विचार के पी कॉलेज मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान ने संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती के अवसर पर व्यक्त किए।

डा. पासवान ने कहा, गुरु रविदास ने भक्ति आंदोलन के माध्यम से समाज में समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनका उपदेश आज भी समाज में गहरे प्रभाव डालता है। गुरु रविदास का जीवन और उनका शिक्षापूर्ण संदेश हमें समरसता, समानता और प्रेम की भावना से भर देता है, जो हमारे समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में सहायक है। उन्होंने आगे कहा, गुरु रविदास के आदर्शों का पालन करके हम एक समान और समृद्ध समाज की ओर बढ़ सकते हैं, और उनकी शिक्षा को अपना कर हम एक सशक्त और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। डा. पासवान ने समाज के हर वर्ग से आह्वान करते हुए कहा कि गुरु रविदास के उपदेशों को आत्मसात करने से हम न केवल व्यक्तिगत विकास कर सकते हैं, बल्कि सामूहिक रूप से एक समरस और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में भी योगदान दे सकते हैं।

# सहरसा डीएम की अध्यक्षता में सिरोमणी संत रविदास की विभिन्न दलित संगठन के द्वारा जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

रंजीत सक्सेना

**सहरसा संवादाता।** संघ व संघटन एकजुटता भाईचारा आपसी सौहार्द प्रेम करुणा विश्वास आस्था सरजमीन पर समाज के लिए कल्याण व उत्थान का सपना हो साकार डीएम वैभव चौधरी की अध्यक्षता में संत रविदास मंदिर व प्रेक्षागृह संत सिरोमणी रविदास जी का 648 वा जयंती मनाया गया रविदासीया संघटन अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद् विभिन्न दलितों सामाजिक संघटन के द्वारा धूम धाम से जयंती मनाया गया हजारों की संख्या में समाजसेवी बुद्धिजीवियों ने भाग लिया लोगों में काफी उत्साह आपसी भाईचारा देखा गया एकता में अनेकता है। बुद्धिजीवियों व युवाओं का कहना है उपस्थित कई गणमान्य नागरिक ने बताया की संत सिरोमणी रविदास जयंती हमलोगों जो मनाते है। उनके मार्गदर्शन को अपनाना है और उसे सरजमीन पर हम सब को उताड़ना है। ताकि समाज का उत्थान व कल्याण हो सकें कुछ काम करो कुछ काम करो जग मे रहकर नाम करो हम सभी महापुरुष व संत का जयंती मनाते है प्रत्येक वर्ष उसे हम सब मिलकर सरजमीन पर उतारने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाले पीढ़ी भी इस कार्य आगे



लेकर सरजमीन उतारने का हर संभव प्रयास करेगा।

जिला प्रशासन, रविदासिया संगठन, अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, सहरसा एवं विभिन्न दलित समाजिक संगठनो के द्वारा श्री वैभव चौधरी, जिला पदाधिकारी, सहरसा के अध्यक्षता संत रविदास मंदिर सहरसा व प्रेक्षा गृह संत सिरोमनी रविदास जी 648वॉ जयंती मनाई गई। और कला संस्कृति विभाग भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हिमांशु कुमार, पुलिस अधीक्षक, सहरसा, संजय कुमार निराला, उप विकास आयुक्त, सहरसा, संजीव कुमार चौधरी, अपर समाहर्ता, सहरसा, अमित कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सहरसा, अस्नेहा कुमारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सहरसा, आनंदी राम, बहुजन पथ प्रदर्शक, सहरसा, जयकांत पासवान, अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, संयोजक, बिहार प्रदेश, बिनो दास, रविदास मंदिर पुजारी, सहरसा, मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा, बिनोद राम, सचिव, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा, संतोष राम, जिला अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, सहरसा, महेश्वरी राम, सचिव, रविदास जयंती समारोह, चंदेश्वरी राम, अध्यक्ष, रविदास जयंती समारोह, चन्दन कुमार पासवान, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय दुसाध उत्थान परिषद, सहरसा, अखिल कुमार राम, कोषाध्यक्ष, रविदास जयंती समारोह, प्रदीप पासवान, संजय पासवान, चन्द्रकिशोर पासवान, अजय कुमार पासवान, जयदेव पासवान, चंदेश्वरी राम (अध्यक्ष), महेश्वरी राम (सचिव) , अनिल राम (कोषाध्यक्ष), विनो दास (मुख्य पुजारी), परमेश्वर दास ( पुजारी) गीता देवी, कंचन देवी, फुलेश्वर राम, बचनारायण राम, कुशेश्वर राम, उमेश राम, विंदेश्वरी राम, विकी राम, पंकज राम, विवेक आनंद, सज्जन राम, संजय राम, जगदीश राम, महेंद्र राम ( अध्यक्ष बीजेपी), विष्णुदेव राम (महात्मा) बेचन राम (वार्ड पार्षद सिमरी बख्तियारपुर) आनंदी राम, हरिनारायण राम, भूटो राम ( मंदिर पुजारी) , लक्ष्मण राम ( मुखिया अमरपुर) , योगेंद्र राम( इरढ प्रभारी) आदि गणमान्य मौजूद थे।मुकेश कुमार, विवेक कुमार विभाकर आदि हजारों रविदास अनुयायी उपस्थित हुए।

## वीआईपी नेता संजीव मिश्रा ने संत शिरोमणि रविदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया



लोक तंत्र कीआवाज

- संत रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए, संजीव मिश्रा ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**छातापुर।** महम्मदगंज पंचायत के वार्ड संख्या 05 में बुधवार को विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने संत रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और कार्यक्रम की शुरुआत फिता काटकर की।

संत रविदास जी के योगदान को याद करते हुए संजीव मिश्रा ने कहा, ₹संत रविदास जी ने समाज में समानता, एकता और भाईचारे के सिद्धांतों को प्रबल किया। उनके उपदेश हमें समाज में सामूहिक सद्भाव और मानवतावादी मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन और शिक्षा हमेशा हमारे लिए मार्गदर्शन का स्त्रोत रहेगी। उन्होंने इस मौके पर सभी को संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने और समाज में व्याप्त असमानता को समाप्त करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में वीआईपी पार्टी के अंगद कुमार, बलराम यादव, विकासशील इंसान पार्टी के छातापुर विधानसभा प्रवक्ता विकास कुमार मंडल, विधानसभा प्रभारी राजकुमार मुखिया, मोनू मिश्रा, शुभम वर्मा, जयकुमार यादव सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। इस अवसर पर संत रविदास जी के संदेश को फैलाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण विचारों पर चर्चा की गई।

## गायघाट: संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने की शिरकत




लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार, गायघाट।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर एक बहुत ही खास सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार समारोह दिव्य शक्ति सम्मान में भाग लेने का अवसर मिला ,इस अवसर पर उन्नत भारत वेलफेयर सोसाइटी का जल शक्ति मंत्री डाक्टर राजभुषण निषाद चौधरी ने बताया कि आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस पहल को संभव बनाया.. जो विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को समर्पित था। इन अद्वितीय व्यक्तियों की प्रतिभा और संघर्ष देखकर दिल गर्व से भर गया। आप सभी ने जो साहस और मेहनत दिखाई है, वह प्रेरणा का स्त्रोत है। भविष्य में और भी ऊँचाइयों तक आगे बढ़ते रहें!

# अलग मिथिला राज्य सहित अन्य मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** अलग मिथिला राज्य सहित अन्यान्य मांगों को लेकर दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर मंगलवार को अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति और सहरसा सहित सभी मिथिला क्षेत्र के प्रतिनिधिगण के द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार झा ने की जिसमें हजारों मैथिलों ने हिस्सा लिया। बाद में धरना की अध्यक्षता व्रजस्थ मैथिल पं सुनहरी लाल शर्मा और संचालन ईंजीनीयर शिशिर कुमार झा ने की। दूरभाष पर सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि सनातनी मिथिला को राज्य की मांग करते हुए एक सौ बरस से ऊपर हो गया।



इस भौगोलिक क्षेत्र में बंगाल से बिहार, प्रो अमरेंद्र कुमार झा ने चेतावनी दी है कि यथाशीघ्र मिथिला राज्य का गठन नही किया गया तो बिहार से दिल्ली तक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। अपने अध्यक्षीय भाषण मे श्री शर्मा ने कहा कि मैथिली भाषा संवैधानिक होने के बाद भी राज्य और केन्द्र में उपेक्षित है। दरभंगा रेडियों सें मैथिली प्रसारण बंद करना एवं प्राथमिक विद्यालय मे मैथिली भाषा मे पढ़ाई की व्यवस्था नही करने तथा बीपीएससी परीक्षा से हटाये जाने से मैथिल जन क्रोधित है. मिथिला राज्य अभियान पं कृष्णानंद झा, एडवोकेट प्रदीप झा, सबिता मिश्रा, भोला झा, ललन कुमार झा, विनोद राज झा, के के मिश्रा, अनिल झा ने कहा कि मिथिला सरकारी उपेक्षा के कारण गति एवं दिशाहीन हो गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर में तीव्र पतन हो रहा है। आजादी के 75 वर्षों में बेरोजगारी और पलायन में बेहताशा वृद्धि हुई है। सभी मिल, उद्योग- धंधे बंद हो गए हैं।

प्रमुख मांगों में पृथक मिथिला राज्य, मैथिली भाषा का संरक्षण एवं संवर्धन, मिथिला के सर्वांगीण विकास के अलावा 35 सूत्री मांग है। जिसमें नेपाल में डैम बनाकर बाढ़ का स्थाई निदान, आईआईटी, आईआईएम, मैथिली में दूरदर्शन, पलायन और बेरोजगारी का रोकथाम, एवं आर्मी में मिथिला रेजिमेंट बनाना प्रमुख है। प्रमुख वक्ताओं में पत्रकार संतोष झा, मिहिर झा, साजन झा, युवा नेता मिहिर कुमार झा, सिने कलाकार अंजनी कुमार, हरिशंकर तिवारी, सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद मदन कुमार झा के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया।

# सामाजिक सद्भाव के बड़े पुरोधा थे संत रविदास : अजीत

लोकतंत्र की आवाज



- धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि रविदास जी का 648 वां जन्म वर्षगांठ
- महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया

दीपक कुमार

**गायघाट।** बिहार राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार बुधवार को मड़वन प्रखंड के प्रतापपुर रविदास टोला एवं अनंत करजा रविदास टोला में समाज के द्वारा आयोजित रविदास जयंती समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर संत रविदास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित कई अन्य महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। रविदास समाज के लोगों ने पूर्व मंत्री को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रमशः शशि कुमार राम एवं चंदन कुमार राम ने किया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने संत रविदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके बताए गए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, सद्भाव व भाईचारा कायम करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास एक बड़े समाज सुधारक थे । उन्होंने समाज में उत्पन्न मतभेद को समाप्त करने तथा सामाजिक उन्नति हो इसके लिए समाज को अपना अहम योगदान दिया था। संत रविदास महान राष्ट्रभक्त भी थे। वे सदैव जाती पाती एवं धर्म से ऊपर उठकर मानवता की बात करते थे। श्री कुमार ने कहा की संत रविदास जी 15 वीं शताब्दी के दौरान इस देश में अपने आप को एक महान संत, कवि, समाज सुधारक और ईश्वर के अनुयाई के रूप में भी प्रदर्शित किया था। श्री कुमार ने कहा की संत रविदास जी भले आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन आज संपूर्ण राष्ट्र उन्हें मानवता , संत व सन्यासी के रूप में याद कर रहा है और आगे भी करता रहेगा । इस मौके पर समारोह को मोहम्मद शमीम, लालू राम , रंभू राम ,पवन कुमार, सकलदेव राम , रवि कुमार, रणजीत राम, पप्पू राम , राजेश राम , हरेंद्र राम , सुरेंद्र राम लखीराम , योगेंद्र राम, लालो राम, विक्की राम , मुकेश राम आदि लोगों ने संबोधित करते हुए एवं संत रविदास जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## सिकटी सीमा पर तीन दिवसीय विशाल इज्जतमा संपन्न, ई. मनोज झा ने आयोजन की सराहना की

- सिकटी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, विधि-व्यवस्था की सराहना करते हुए ई. झा ने आयोजकों को दिया साधुवाद



लोक तंत्र कीआवाज

**सिकटी।** इंडो-नेपाल सिकटी सीमा से जुड़ी नेपाल की रंगेली नगरपालिका के सुनवर्षी वार्ड संख्या आठ में तीन दिवसीय विशाल इज्जतमा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में वरीय समाजसेवी ई. मनोज झा ने इज्जतमा स्थल पर व्यवस्था और सुरक्षा की सराहना करते हुए आयोजकों को उनके उत्कृष्ट आयोजन के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समुदाय में भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहन मिलता है।

इस आयोजन में सिकटी विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने इज्जतमा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में ई. मनोज झा के साथ प्रमुख समाजिक और राजनीतिक नेता जैसे नेता मुन्ना मुश्ताक, भीड़भीड़ी पंचायत के मुखिया अरूण भाई, पलासमणि के आरजेडी नेता मुकेश यादव और फ्रेंड्स ऑफ मनोज की टीम के सदस्य भी मौजूद थे। यह आयोजन सिकटी और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सामाजिक उत्सव का रूप ले चुका है, जो क्षेत्रवासियों के बीच सामूहिक एकता और समृद्धि को बढ़ावा देने में सहायक साबित हुआ।

## पंद्रहवीं वित्त आयोग टाइड योजना के तहत पौने करोड़ की राशि से विभिन्न सड़कों का हुआ शिलान्यास

लोक तंत्र कीआवाज

- विधायक विजय मंडल, जिप अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू और प्रो. त्रिलोक नाथ झा ने किया कार्यक्रम में शिरकत

**कुर्साकांटा।** बिहार सरकार के पंद्रहवीं वित्त आयोग टाइड योजना के तहत जिले के जिला परिषद क्षेत्र संख्या 13 में बुधवार को 75 लाख रुपये की लागत से चार सड़कों का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर सिकटी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक और पूर्व मंत्री विजय कुमार मंडल, जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम ऊर्फ पप्पू अजीम, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य और समाजसेवी प्रो. त्रिलोक नाथ झा तथा जिला पार्षद प्रतिनिधि अजीत झा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विजय मंडल ने कहा, ₹सिकटी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया है और चुनाव पूर्व जो भी बचे कार्य हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।₹ जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम ने कहा कि जिले में चौमुखी विकास हो रहा है, और कोई भी गांव या शहर विकास की प्रक्रिया से पीछे नहीं है।

भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा, ₹पूरा बिहार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और यह विकास का निरंतर क्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर, के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोक नाथ झा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें बुके और अंगवस्त्र प्रदान किए। जिला पार्षद प्रतिनिधि अजीत झा ने बताया कि पंद्रहवीं वित्त आयोग की योजना के तहत 75 लाख रुपये की लागत से पांच सड़कों का शिलान्यास किया गया है। इसके अतिरिक्त, 7.5 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक विद्यालय बखरी मिलीक में मरम्मत कार्य का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में कुर्साकांटा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष रविंद्र ठाकुर ऊर्फ पप्पु ठाकुर, बरदाहा मंडल अध्यक्ष कुमोद झा, अमर नाथ झा, राम कुमार गुप्ता, प्रशांत आनंद, वासुकी नाथ झा, राज कुमार साह, संजय यादव, मो. मुख्तार आलम, बिनोद यादव, कलानंद मंडल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# महान दार्शनिक उदयनाचार्य के गांव 'करियन' का भ्रमण

लोक तंत्र कीआवाज

**रोसड़ा।** उदयनाचार्य रोसड़ा कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय के नेतृत्व में एक टीम ने मंगलवार को महान दार्शनिक उदयनाचार्य के गांव 'करियन' का दौरा किया, जो शिवाजीनगर प्रखंड में स्थित है। यह रोसड़ा बाजार से 12 किमी की दूरी पर स्थित है। उदयनाचार्य ने मध्यकाल में बौद्ध धर्म के बढ़ते प्रभाव को रोकने में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। उनके कथन जगन्नाथ पुरी मंदिर में आज भी अंकित हैं। उदयनाचार्य राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त दार्शनिक रहे हैं। उनके नाम पर एकमात्र संस्थान 'उदयनाचार्य रोसड़ा कॉलेज' है। कॉलेज ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक सप्ताह का विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

**उदयनाचार्य डीह पर गंदगी का अंबार और अतिक्रमण**



मंगलवार को प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय, एनएसएस पदाधिकारी डॉ श्याम सुंदर शर्मा, बर्सर डॉ विनय कुमार, वरीय प्राध्यापक डॉ अमरेश कुमार सिंह, प्रधान सहायक हेमकांत ठाकुर, डाटा ऑपरेटर सुष्मिता कुमारी और कैमरामैन विकेश कुमार के साथ करियन गांव स्थित स्थल, पंचायत भवन आदि का दौरा किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर करियन गांव के मुखिया व शिवाजीनगर प्रखंड प्रमुख मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन का आश्वासन दिया है।

- उदयनाचार्य डीह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत

लेकिन कार्यक्रम स्थल पर काफी कुव्यवस्था, साफ-सफाई व सुरक्षा का अभाव है। स्थानीय लोग उदासीन हैं और उत्सुकता नहीं हैं।

उदयनाचार्य स्थल पर काफी गंदगी व कुव्यवस्था है। परिसर में एक संस्कृत उच्च विद्यालय स्थित है, जिसकी स्थापना 1937 में हुई थी। परिसर में एक दक्षिण ग्रामीण बैंक अवस्थित है। बैंक का एग्रीमेंट व मासिक किराया भी संदिग्ध है। परिसर में स्थित ग्रामीण बैंक किंवदंतियों के आधार पर काम कर रहा है। बैंक मैनेजर से पूछे जाने पर उन्होंने एग्रीमेंट व किराया के बारे में अनभिज्ञता जताई। यह दुखद स्थिति है कि मध्यकाल के पूर्वार्ध के राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त दार्शनिक उदयनाचार्य की डीह पर सरकारी उदासीनता और अतिक्रमण स्पष्ट दीख रहा है। उदयनाचार्य की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

उदयनाचार्य रोसड़ा महाविद्यालय का प्रयास है कि उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को स्थापित करें। आखिरकार लोगों को यह पता चले कि 1960 में स्थापित रोसड़ा कॉलेज, रोसड़ा के नाम में 'उदयनाचार्य' का नाम क्यों जोड़ा गया था? किसी संस्थान में अचानक किसी का नाम जुड़ने से आश्चर्य होना स्वाभाविक है। लेकिन उदयनाचार्य जैसे दार्शनिक का नाम जुड़ने से कॉलेज की प्रतिष्ठा और बढ़ गई। करियन के दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा आदि का भरोसा दिलाया।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया ग्राम नगरकेशवारी में संत रविदास जयंती धूमधाम के साथ मनी



लोकतंत्र की आवाज
अनिल कुमार (संवाददाता)
प्रखंड– सरिया, गिरिडीह। संत शिरोमणि संत गुरु मध्यकालीन भारतीय संत सतगुरु समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक गुरु भक्ति आंदोलन के एक मजबूत आधार स्तंभ थे। सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगरकेशवारी के हरिजन टोला में संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किए ।साथ ही उपस्थित सभी लोगों को रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर बगोदर विधायक ने संत रविदास के जीवन यात्रा और समाज के प्रति उनके विचारों को आगे ले जाने का संकल्प लिया ।मौके पर बबलू मंडल, मनीष मंडल,भेखलाल मंडल, लक्ष्मण दास, शिवधन मंडल, चिंतामणि मंडल, राजेश मंडल ,शैलेश मंडल , रघु मंडल , मुरली मंडल, खूबलाल दास , दिनेश दास, मोहन दास, बाबूलाल रविदास, केशव दास, सुरेश दास, भोला दास, सोनू दास, अनिल दास, दीपक दास, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

### दो महीने बाद सऊदी अरब से हीरामन महतो का शव खेतको पहुंचा



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक
झारखंड ।तमाम कोशिशों के बाद दो महीने बाद हीरामन महतो का शव सऊदी अरब से कोलकाता मंगलवार रात को पहुंचा ।कोलकत्ता से एम्बुलेंस से बुधवार शाम को खेतको लाया गया। पहुंचते ही परिवार का रो रो का बुरा हाल है ।वही गांव में मातम सा माहौल है ।बताते चलें कि खेतको निवासी सुखदेव महतो के पुत्र हीरामन महतो की मौत विगत आठ दिसंबर 2024 को हो गई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी सोमरी देवी, पुत्री सुनीता कुमारी, सरिता कुमारी और पुत्र रामेश्वर कुमार, विजय कुमार समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गया थे ।वहीं इस मामले को लगातार मिडिया के माध्यम से सरकार से गुहार लगाने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने कहा कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले की बड़ी आबादी देश विदेश में काम कर रही है। ऐसे में मजदूर के साथ घटना होने के बाद मुआवजा एक बड़ी समस्या होती है। परिजन भी मुआवजा नहीं मिलने तक परेशान होते हैं। ऐसे में महीनों तक मजदूरों का शव विदेश में पड़ा रहता है। मजदूरों के घरों में शव नहीं आने से उनके घर के चूल्हे शांत पड़े रहते हैं। परिजन हर दिन शव के इंतजार में रहते हैं और परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं।

### साहेबगंज के तत्कालीन डीसी रामनिवास पर हाईकोर्ट ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज
बरहरवा झारखंड हाईकोर्ट ने एक खनन संचालक के खनन पट्टे को अवैध बताते हुए उसे रद्द करने के लिए साहेबगंज के तत्कालीन डीसी आईएएस रामनिवास यादव पर 50000 (पचास हजार) रुपये का जुर्माना लगाया है. मंगलवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस. रामचन्द्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने यह आदेश दिया है. अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि उपायुक्त के पास याचिकाकर्ता को दिए गए खनन पट्टे को समय से पहले रद्द करने की कोई शक्ति नहीं है. फिर भी उन्होंने खनन पट्टा रद्द कर दिया. अदालत ने आईएएस रामनिवास यादव को 50000 रुपये के जुर्माने देने के अलावा याचिकाकर्ता को 8 सितंबर 2023 से आज तक खनन कार्य करने से रोकने के लिए प्रतिवादियों से नुकसान का दावा करने के लिए सिविल कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी है. इस संबंध में प्रकाश यादव के स्वामित्व वाले मेसर्स हिल मूवमेंट द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी ने बहस की.

# हजारीबाग: बलकमक्का में जंगल बचाव अभियान के तहत एक बैठक रखी गई

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)**। विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत के अंतर्गत बलकमक्का में 12 फरवरी 2025 को जंगल बचाव अभियान के तहत नुनुचंद महतो एवं कारू महतो के अगुवाई में वन रक्षी संबंधित एक बैठक रखी गई। जिसमें गांव के सभी ग्रामीण महिलाओं ने जंगल बचाव के पक्ष में बातें रखी। ग्रामीणों ने बताया की खरकी पंचायत में पिछले कई सालों से जंगल बचाव के लिए गांव के सभी महिलाएं एवं पुरुष आंदोलन किए। साथ ही कई लोग जंगल में वृक्षों का रक्षाबंधन किए.जिससे यह कार्य महिलाएं 2009 से करते आ रही है।

2018 में पुरे पंचायत भ्रमण कर लोगों को अवगत कराया गया की जंगल में वृक्षों को नहीं काटना है. लेकिन वक्त के बाद लोगों ने फिर से जंगल में वृक्षों का काटना और जंगल उजाड़ना शुरू कर दिए हैं। जिससे अब 2025 में जंगलों की स्थिति बिल्कुल खराब हो गई है। जंगल बचाओ में आज महिलाएं आगे आ रही है. पुरुष बिल्कुल मौन है। यह बहुत दुर्भाग्य की बात है जो

**● रविवार को वन में पेड़ पौधे बचाव को लेकर किए जाएंगे वृक्षों का रक्षाबंधन**

महिलाएं पढ़ी–लिखी नहीं है फिर भी वे प्राकृतिक के फायदे और उसके बारे में कितना अवगत है। इसलिए जंगल बचाने में आप सबों का भरपूर सहयोग का जरूरत है। इस बैठक में निम्न निर्णय लिया गया। दिनांक 16 /02/25 दिन रविवार को वन में जाकर वृक्षों को रक्षाबंधन करना है।जंगलों में किसी भी प्रकार के पेड़ पौधों को नहीं काटना है। जंगलों से कुछ विशेष आवश्यकता होगी तो लोगों से निर्णय आवश्यक होगा।

लोगों को कहना है कि जंगल पूरा उड़ जाता है तब लोगों की नींद खुलती है अब पहले से ही सतर्क होने की जरूरत है। इस बैठक में नुनुचंत महतो ,कारु महतो, बासुदेव महतो, राजकिशोर पटेल, नेमचंद महतो, तिलक महतो, बालेश्वर महतो, मसोमत मुद्रिका देवी, डेगिया देवी, सुगिया देवी, ललिता देवी,बसवा देवी, मनवा देवी, सीता देवी, रेमिया देवी, असवा देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, शांति देवी, किरण देवी, अनीता देवी, यशोदा देवी, देवंती देवी, अनीता देवी ,सरस्वती देवी इत्यादि सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं –पुरुष उपस्थित थे।

## गिरिडीह शीतलपुर में संत गुरु रविदास जयंती मनाई गई



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड**। हमेशा एक बात हम सबों को गांठ बांध लेनी चाहिए की जाकी रही भावना जैसी यहां पर मैं आपको यह बताना चाहूंगा की भावना हम लोगों की जैसी होगी सामने वैसा ही प्रतिरूप हम सबों को दिखाई पड़ेगा या ऐसा कहें कि देख पाएंगे वह ऐसे की उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को रैदास के नाम से जाना जाता है। गुजरात एवं महाराष्ट्र के लोग रेहिदास के नाम से जानते हैं यह तो सबों को ज्ञात होगा ही की माघ मास की पूर्णिमा तिथि को जब इनका जन्म हुआ तो वह दिन रविवार का था जिस कारण इनका नाम रविदास रखा गया।

इनका जन्म 1376 ई को उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के गोवर्धनपुर गांव में हुआ था और इस समय भारतीय भूभाग पर लगभग मुगल वंश का शासन अधिकार था एवं मुगल शासको का इनके ऊपर भी भरपूर दबाव रहता था कि किसी भी प्रकार इनको मुस्लिम धर्म स्वीकार करा दिया जाए क्योंकि इनके स्वीकार करने से लाखों उनके भक्त भी स्वतः मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लेंगे परंतु यहां संत रविदास जी टस से मस नहीं हुए और आज भी आप हम लोग अक्सर यह बोलते हुए लोगों को सुन ही लेते हैं कि मन चंगा तो कठौती में गंगा इस वाक्य का जन्म भी संत रविदास जी से ही पूर्ण रूपेण संबंध रखता है गिरिडीह शहर के बिल्कुल नजदीक शीतलपुर में आज संत रविदास जी की जयंती मनाई गई जिसमें गिरिडीह बसपा जिला अध्यक्ष अशोक दास जी तथा बसपा के ही वरिष्ठ नेता राज किशोर दीनदयाल जी ईश्वर दास जी एवं शीतलपुर निवासियों के साथ–साथ अन्य कुछ लोग भी शामिल थे जिन्होंने समारोह को सफल बनाने में सबों का साथ दिया।

## संत शिरोमणि रैदास ने समाज को उन्नति के लिए अपने जीवन को किया समर्पित : तैयब

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)**। संत शिरोमणि रैदास जयंती के अवसर पर बिष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने रविदास जयंती के अवसर पर बरांय पंचायत में पहुंचकर संत रैदास जी के आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित माला पहनाकर उनकी पूजा की साथ ही उन्होंने रविदास समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज की उन्नति और विकास के लिए कई तरह के बातें रखें ।

उन्होंने कहा कि संत रैदास लगभग 664 वर्ष पूर्व समाज की उन्नति और विकास के लिए ही अपने आप को समाज के लिए समर्पित किया जो विचारणीय पहल था समाज में सभी एक सूत्र में कैसे मजबूती के साथ रहे और विकास और उन्नति के पथ पर आगे बढ़े इसकी विचार में रहते हुए जिवन काम आए बिना जात पात परवाह किये छुवा छुत से किसी भी समाज को दूर रहना चाहिए जो आज लोगों को काम आ रहे हैं संत का कर्तव्य है कि वह अपने समाज के साथ–साथ संपूर्ण मानव जीव के लिए धर्म और प्रेम का विस्तार से व्यापक प्रचार प्रसार कर मजबूती के लिए आगे क्षेत्र में भ्रमण कर आगे बढ़े और यही उन्होंने समाज के लिए किया इससे सभी समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए जिससे समाज की उन्नति प्रगति बनी रहे इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य शेख तैयब मुखिया राजेंद्र मंडल समाज के नेता रामेश्वर दास जयचंद दास समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पॉक्सो एक्ट के तहत जिला जज ने युवक को सुनाई 22 साल की सजा, शादी का झांसा देकर किया था शारीरिक शोषण

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चाईबासा(झारखंड)**। जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर सिंह की अदालत ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में हजारीबाग जिले के बड़का गांव निवासी आकाश गुप्ता को दोषी करार देते हुए 22 साल की कठोर कारावास और 20,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



अदालत ने साफ किया कि अगर दोषी जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा, भादवि की धारा 504 के तहत भी आरोपी को एक साल की सजा और ?1,000 का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। अदालत ने सभी जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

यह घटना साल 2021 में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र की है। पीड़िता ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आकाश गुप्ता पर शादी का झांसा देकर कई महीनों तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया था। पीड़िता के अनुसार आकाश गुप्ता उसे बहला–फुसलाकर घर से भगाकर हजारीबाग ले गया और वहां किराए के मकान में रखा। इस दौरान वह लगातार शारीरिक

**● अदालत ने सभी जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है**

संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता शादी की बात करती, तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। कई महीनों बाद आरोपी के भाई आशीष गुप्ता ने पीड़िता को चांडिल में लाकर छोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिवार के साथ थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत कड़ी सजा सुनाई और आरोपी को कड़ी सजा देकर नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करने का संदेश दिया।

## सीआरपीएफ जवानों को लेकर आ रही मैक्स पिकअप लोंजो घाटी में पलटी, 8 जवान घायल

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो घाटी में बुधवार को सीआरपीएफ जवानों को नक्सल विरोधी अभियान से लेकर आ रही एक मैक्स पिकअप वाहन पलट गयी. इस दुर्घटना में सीआरपीएफ 60 बटालियन के आठ जवान गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से छह की हालत गंभीर है. सभी जवानों का इलाज चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में चल रहा है. वहीं बाकी जवानों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है.



**असंतुलित होकर पलट गयी मैक्स पिकअप वाहन:** घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक मैक्स पिकअप वाहन बुधवार करीब साढ़े बारह बजे सीआरपीएफ 60 बटालियन के करीब 12 जवानों को नक्सल विरोधी अभियान एलआरपी से लेकर आ रही थी. इसी दौरान वह असंतुलित होकर पलट गयी, जिससे वाहन में सवार आठ जवान गिरकर घायल हो गये. घटना के बाद सभी घायल जवानों को इलाज के लिए सोनुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां से गंभीर रूप से घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां

**● चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में घायल जवानों का चल रहा इलाज**

उनका इलाज चल रहा है.

**सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट ने घायल जवान का जाना हालचाल:** इधर सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथल ने रेलवे अस्पताल पहुंचकर इलाजरत घायल जवानों का हालचाल जाना. साथ ही घटना के बारे में जानकारी ली. घायल जवानों में श्वेत बिरुवा, आरसी दास, निरंजन बिनजोग, आर हेंब्रम, सारण गणेश, एके टोप्पो समेत अन्य शामिल हैं।

## साहेबगंज: माघी मेले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने लगाया कानूनी जागरूकता कैंप

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज**। साहेबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) अखिल कुमार के मार्गदर्शन में राजमहल के माघी मेले में गंगा तट पर कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से मेले में आए लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।



कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) ने लोगों के बीच पंपलेट और हैंडबिल वितरित कर कानूनी सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा, पीएलवी ने डालसा द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी, जिससे जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कैंप के स्टॉल पर उपस्थित लोगों को विशेष रूप से महिलाओं, गरीबों, आदिवासियों और अन्य वंचित समुदायों के लिए उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, विवाद समाधान, लोक अदालत, कानूनी परामर्श और अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

माघी मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के कारण यह कैंप काफी प्रभावी रहा। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कानूनी जानकारी मिलने में मदद मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान जारी रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता का लाभ उठा सके।

## हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर जिले में दाखिल खारिज वादों में लंबित की स्थिति में सुधार हेतु 13 फरवरी को सभी अंचलो में विशेष शिविर का आयोजन होगा

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)**। उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार जिले में दाखिल खारिज वादों में लंबित की स्थिति में सुधार हेतु दिनांक 13 फरवरी 2025 को हजारीबाग जिला के सभी अंचलों में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। हजारीबाग जिलान्तर्गत विभिन्न अंचलों में 30 दिनों से आपत्ति रहित वादों की स्थिति में सुधार हेतु यह शिविर आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को निदेशित किया है कि विशेष शिविर के आयोजन की तिथि के पूर्व अपने–अपने लॉगिन में 30 दिनों से अधिक बिना आपत्ति रहित एवं 90 दिनों से अधिक आपत्ति सहित वादों की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन तैयार करें एवं दिनांक 13.02.2025 को आहूत विशेष शिविर में संबंधित व्यक्तियों को शुद्धि पत्र एवं लगान रसीद उपलब्ध करायेंगे।

हजारीबाग जिला के छः अंचलों, जहाँ दाखिल खारिज वाद सर्वाधिक लंबित है, उन अंचलों में नामित वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में विशेष शिविर आयोजन किया जायेगा।

सदर अंचल के लिए अपर समाहर्ता संतोष सिंह को नामित किया गया है। कटकमदाग अंचल के लिए अनुमंडल पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद को नामित किया गया है वहीं बरही अंचल के लिए अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू को नामित किया गया है। विष्णुगढ़ अंचल के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नामित किया गया है। चुरचू अंचल के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को नामित किया गया है। चलकुशा अंचल के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी बरही को नामित किया गया है।

उपायुक्त ने सभी संबंधित वरीय पदाधिकारियों को शिविर के लिए निर्धारित तिथि को ससमय आंवटित अंचल के शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल खारिज मामलों के शत–प्रतिशत निष्पादन का अनुश्रवण करने तथा निष्पादित मामलों के प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करने के निर्देश दिए है। साथ ही उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी को निदेश देते हुए इस शिविर माध्यम से आवेदकों को सूचित कर निष्पादन के उपरांत आवेदक को शुद्धि–पत्र निर्गत करने को कहा है।

## देवरी प्रखंड अंतर्गत मनरेगा एवं अबुआ आवास योजनाओं का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह,झारखंड**। विकास योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा उचित प्रयास किया जारहे हैं। इसी क्रम में आज निदेशक डीआरडीए, श्री रंथू महतों ने देवरी प्रखंड अंतर्गत मनरेगा और अबुआ आवास योजना समेत अन्य विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मनरेगा, और आवास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना और मईया सम्मान योजना के तहत अयोग्य लाभुकों को हटाते हुए योग्य लाभुकों जोड़े तथा लाभुक वेरिफिकेशन का कार्य शीघ्र मोड में करें। साथ ही योजनाओं को गति के साथ करें, अधूरे पड़े योजनाओं को शीघ्र पूरा करें।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं का सूचना पट्ट अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा उन्हें लाभान्वित करने के दिशा में उचित प्रयास किया जाना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभुकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, ताकि तय समय योजना पूर्ण हो तथा उसका उचित लाभ ग्रामीणों को मिलें। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाय और लोगों को उसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत–प्रतिशत लाभुकों को आवास का लाभ मिलें, यह सुनिश्चित करें। मनरेगा से संचालित योजनाओं की गति को देख कर निदेशक डीआरडीए ने स्पष्ट निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शत–प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया।

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन




**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने बैलून उड़ा कर किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए प्रतिभागियों के मनोबल को बढ़ाया। इस अवसर पर निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय बिहार विद्यापीठ डॉ मृदुला प्रकाश ने भी प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन दे कर शुभकामना दिया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव अवधेश कुमार नारायण भी उपस्थित थे। सभी खेलों का संचालन सहायक प्रोफेसर मिताली मित्रा ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद् के सभी सदस्य रिंपल कुमारी, चंद्रकांत आर्य, सुधीर पाठक , सभी शिक्षक गण एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर एथलेटिक्स राष्ट्रीय प्रशिक्षक रतन कुमार राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम् कुमार मौजूद थे।

## आज के परिणाम इस प्रकार हैं

**100 मीटर दौड़ ( पुरुष वर्ग )**

अमरजीत कुमार डी एल एड द्वितीय वर्ष (प्रथम)
अमित कुमार डी एल एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
सुजीत कुमार डी एल एड प्रथम वर्ष (तृतीय)

**महिला वर्ग**

स्वाति कुमारी डी एल एड द्वितीय वर्ष (प्रथम)
पल्लवी सिंह डी एल एड प्रथम वर्ष ( द्वितीय)
पूजा कुमारी डी एल एड प्रथम वर्ष ( तृतीय)

**भाला प्रक्षेप ( पुरुष वर्ग)**

धनंजय डी एल एड प्रथम वर्ष ( प्रथम)
अमित कुमार डी एल एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
सुनील कुमार डी एल एड प्रथम वर्ष (तृतीय)

**महिला वर्ग**

लिसा जायसवाल बी एड द्वितीय वर्ष ( प्रथम)
मनीषा कुमारी डी एल एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
प्रिया कुमारी बी एड द्वितीय वर्ष ( तृतीय)

**थ्री लेग रेस ( पुरुष वर्ग)**

मनीष कुमार एवं विकास कुमार डीएलएड प्रथम वर्ष ( प्रथम)
रविरंजन कुमार एवं आशीष कुमार बी एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
विशाल कुमार एवं कृष्णा कुमार बी एड प्रथम वर्ष ( तृतीय)

**महिला वर्ग**

पल्लवी सिंह एवं मनीषा कुमारी डी एल एड प्रथम वर्ष ( प्रथम)
लख्खी कुमारी एवं नेहा कुमारी डी एल एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय) अंकिता कुमारी एवं ज्योति कुमारी डी एल एड प्रथम वर्ष ( तृतीय)

## संक्षिप्त खबरें ।

### माघी पूर्णिमा के अवसर पर लाखों लोगों ने किया गंगा स्नान



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पीरपैंती प्रखंड के हजारों लोगों ने उत्तर वाहिनी गंगा तट ,बटेश्वर स्थान में गंगा स्नान किया। गंगा स्नान करके लोगों ने बाबा बटेश्वर की पूजा की। ऐसी मान्यता की माघी पूर्णिमा की स्नान करने से पितरों को शांति मिलती है। आज के दिन देवता भी पृथ्वी पर गंगा स्नान करने आते है।आज के दिन दान करने का भी विशेष महत्व है। बटेश्वर में भीड़ का आलम यात्रा के लोग एक दूसरे को धक्का मारते हुए पहले निकल जाना चाहते थे, लेकिन प्रशासन भी जगह–जगह बैरियर लगाकर के भीड़ को नियंत्रित कर धीरे–धीरे आगे बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर नक्षत्र मालाकार ने बताया कि इस बार अच्छी दुकानदारी हुई है। शंभू कुमार ने बताया कि मेला में अच्छी दुकानदारी हो रही है।संवाद परेशान तक लगभग पचास हजार लोग बाबा बटेश्वर स्थान के स्नान पूजन कर चुके थे।

### आज विशाल कलश यात्रा आयोजित किया जाएगा

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। श्री श्री 108 श्री बाल संत त्यागी जी महाराज के तत्वाधान में दुबौली कोमलघोराई 163 वां शिव शक्ति महायज्ञ का कलश यात्राआयोजित किया जाएगा। आज गाजे–बाजे के साथ प्रातः 9:00 बजे कलश यात्रा निकला जाएगी।अतः समस्त क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं । इस अवसर पर –भुलन दुबे प्रदेश अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संघ झारखंड सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### बिथान में मनाया गया आरोग्य दिवस



लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। बुधवार को बिथान प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र 12 बनभौरा में आरोग्य दिवस का आयोजन किया गया। पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार ने बताया कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में आरोग्य दिवस की बड़ी भूमिका है। पोषण संबंधी जानकारी देने, गर्भवती महिलाओ का कम से कम 4 ए.एन.सी.जांच होने चाहिए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, परिवार नियोजन, सुगर जांच, उच्च रक्तचाप जांच, संबंधी विभिन्न साधनों, बच्चों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण हेतु आम लोगों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूक किया जाता है। मौके पर बीएमसी राज कुमार लाल, पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार, एएनएम सिंधु देवी, आंगनबाड़ी सेविका हेमलता कुमारी, मीडिया बंधु और पोषक क्षेत्रों की लाभार्थी मौजूद थे।

### कुछ जिम्मेदार अधिकारी दे रहे है भृष्टाचारियों को संरक्षण : सुनील राजवंशी



लोकतंत्र की आवाज
सीतापुर राकेश पाण्डेय

सीतापुर।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी कुछ जिम्मेदार अधिकारी भृष्टाचारियों को लगातार संरक्षण दे रहे है जिसके तहत भृष्टाचार के खिलाफ दिये जा रहे शिकायती पत्रों पर कार्य वाही मात्र कागज पूर्ति की जा रही है व भृष्टाचारियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा लगातार जिला प्रशासन को भृष्टाचार के खिलाफ अवगत कराया जा रहा है उसके बाद भी कार्यवाही लम्बित है।जिसे ध्यान में रखकर जिला अधिकारी को पूर्व में दिये गये शिकायती पत्रों के साथ अवगत करा दिया गया कि अगर 16 फरवरी तक जिला प्रशासन द्वारा दिये गये शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जाता है तो पार्टी पदाधिकारियों के साथ धरना स्थल विकास भवन के सामने सीतापुर में सत्रह फरवरी 2025 से धरना दिया जायेगा साथ ही अगर तीन दिनों के अन्दर प्रशासन द्वारा भृष्टाचारियों व भृष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे जिम्मेदारों पर उचित कार्यवाही नही की गई तो पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तीन दिनों के बाद धरना स्थल से ही लखनऊके लिए पैदल मार्च किया जायेगा।

## सीतापुर: स्पेलर के पट्टे में फंसकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**
**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला शंकरगढी में एक स्पेलर पर कार्य करते समय पट्टे में फंस कर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया।जहां डाक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेंटर ओयल रिफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत आदर्श नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला शंकर गढी में मोबीन खां का स्पेलर लगा हुआ है।जिस पर पैंतालिस वर्षीय हलीम पुत्र रफीक दैनिक मजदूरी करता था।मंगलवार को भी वह स्पेलर पर कार्य कर रहे था। तभी अचानक शाम लगभग सात बजे वह पुली के पट्टे में फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में भर्ती कराया गया।

जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।जहां बीतीरात लगभग ग्यारह बजे हलीम की मृत्यु हो गई। सूत्रों के अनुसार हलीम के घर वालों ने अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी है।

## मोतिहारी: चंपारण रेंज के डीआईजी पहुंचे डीएसपी कार्यालय ,किया निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** पकड़ीदयाल डीएसपी कार्यालय का डीआईजी हरिकिशोर राय ने किया निरीक्षण। इस दौरान डीआईजी को दी गई गार्ड ऑफ ऑनर। डीआईजी ने अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक भी किया। वहीं डीएसपी सहित थानाध्यक्षों को कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थें।

## जालौन में रात में एसडीएम ने अवैध बालू परिवहन करते 4 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा

**लोक तंत्र की आवाज**

**कालपी जालौन।** उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह व ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम द्वारा देर रात जोल्हूपुर मोड़ हाइवे रोड पर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया।

जिसमे चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध ओवरलोड बालू भरे 4 ट्रको को परिवहन करते हुए पकड़ा । चैकिंग की जानकारी लगते ही मौरंग माफियों व ट्रक चालकों मे हड़कंप मचा, चैकिंग के दौरान सयुक्त टीम के द्वारा ओवर लोड खनन कर परिवहन करते पकड़े गए ट्रकों के खिलाफ सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक 10/11 फरवरी की रात को एसडीएम सुशील कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम देर रात क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़ पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन के खिलाफ चैकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के 4 ओवरलोड मौरम लदे ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया।

चैकिंग के दौरान एसडीएम सुशील कुमार ट्रक चालकों से कागज मांगे तो किसी भी ट्रक चालक ने कोई भी प्रपत्र नहीं दिखाए जिसमे उप जिलाधिकारी सुशील सिंह द्वारा अवैध खनन कर ओवर लोड परिवहन करते हुए ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की और पुलिस अभिरक्षा में ट्रकों को खड़ा कराया । उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी चार वाहनों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया।चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी।

## भागलपुर: नगर विकाश एवं विधि मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** स्थानीय चिन्मय होटल में बिहार सरकार के नगर विकास एवं विधि मंत्री नितिन नवीन ने भागलपुर नगर निगम के वार्ड पार्षदों के साथ बैठक कर आगमी 24 फरवरी को स्थानीय हवाई अड्डे में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की सफलता को लेकर हुई।

बैठक में बोलते हुए मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस बार के बजट में बिहार को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम उनका आभार लाखों की संख्या में शामिल हो कर करें। इस अवसर पर मेयर डॉ वसुंधरा लाल ने भी अपने विचार रखते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की बात कही।वार्ड पार्षद सह भाजपा नेत्री डॉ प्रीति शेखर ने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी होगी।



इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार,प्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर, निवर्तमान जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय, मेयर डॉ वसुंधरा लाल,वार्ड पार्षद, डॉ प्रीति शेखर, अश्वनी जोशी मोंटी,सन्नी मिश्रा, कुमकुम द्विवेदी, अमित ट्विंकल, अनिल पासवान, संजय सिंहा, पंकज गुप्ता,भाजपा प्रवक्ता विनोद सिन्हा, मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेई सहित कई लोग मौजूद रहे।

## फौजी के पकड़े न जाने पर चुर्खी पुलिस ने 82 की कार्रवाई करते हुए उसके घर पर नोटिस चस्पा

**लोकतंत्र की आवाज**

**चुर्खी ( जालौन)।** चुर्खी थाना निवासी जयवीर सिंह फौजी शराब लेने के लिए शराब ठेका पर गया था। जहां फौजी ने मिलावटी शराब होने की शिकायत सेल्समैन से की थी। शाम को वह फिर शराब ठेका पर पहुंचा और शराब ली तो वहां उसने फिर मिलावटी शराब की शिकायत की। इस पर सेल्समैन बुद्ध सिंह व उसका भतीजा चंद्रभान उर्फ चरण सिंह, जगदीश विवाद करने लगे। इन लोगों ने फौजी को बंधक बनाकर कमरे में डाल लिया और मारपीट की। स्वयं को फंसा देख फौजी ने तमंचे से फायर किया तो गोली चंद्रभान को जा लगी ।

गोली लगने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा । और फौजी जयवीर को पकड़ कर ले जाने लगा तो नाराज लोगों ने फौजी की गलत गिरफ्तारी का विरोध कर पुलिस से भिड़ गए थे। पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उसे छुड़ा लिया था। थाना प्रभारी शिवशंकर सिंह ने चुर्खी थाना उप निरीक्षक नरेश की तहरीर पर फौजी जयवीर सिंह, पिता रामकरन सिंह, भाई शिववीर, पप्पू उर्फ धर्मवीर, रणवीर सिंह व वीर नारायण, रुस्तम, सत्यम, अटल, अजय, रितुराज व अंकित समेत 30 अज्ञात पर मुकदमा लिख दिया गया। फौजी के पकड़े न जाने पर मंगलवार की शाम को चुर्खी पुलिस ने धारा 82 की कार्रवाई करते हुए उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है। पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन ऑर छापे मारी की जा रही लेकिन फौजी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



## सिरदला : संत शिरोमणि श्री गुरुरविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला।** नवादा– प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के जगजीवनपुर गांव में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर क्लब जगजीवनपुर के द्वारा 647 वां प्रकाश महोत्सव पर संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा का स्थापना किया गया। मौके पर जितेंद्र रविदास, कालीचरण रविदास, सुधीर कुमार, नवलेश कुमार, मुकेश कुमार, चुल्लू रविदास, रोशन कुमार, रंजन कुमार, राजीव कुमार, राजू राज, छोटू कुमार, रुपेश कुमार,





दीपू कुमार, नागेश कुमार, गुलशन कुमार, साजन कुमार, गोविंद कुमार, उत्तम कुमार, सुनील कुमार, सरवन कुमार, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, दिलों राज, चंदन रविदास, उदेश कुमार, पंकज कुमार, विक्की कुमार, नीरज कुमार, लवकुश कुमार, राजेश रविदास, सागर कुमार, ललन कुमार, सुबोध कुमार, सचिन कुमार, सुमन कुमार, आदि उपस्थित थे।

## उदई: मंदिर में पूजा को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**लोक तंत्र की आवाज**

**उरई जालौन।** नदीगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिवानी में राम जानकी एवं हनुमान मंदिर में पूजा को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। इस घटना में एक पक्ष द्वारा की गई फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया।

घटना सिवनी बुजुर्ग गांव की है, जहां रामेश्वर दयाल ने मंदिर में ताला लगा दिया था। इस पर लालजी और रामेश्वर दयाल के बीच विवाद शुरू हुआ। विवाद इतना बिगड़ गया कि दोनों पक्ष लड़ने पर आमदा हो गए ऑर मामला बिगड़ता गया जहां रामेश्वर दयाल, उनके पुत्र आशीष और अमरदीप तथा कुछ अन्य लोगों ने लालजी और देवेंद्र के साथ मारपीट कर दी । इस दौरान रामेश्वर दयाल ने अपनी लाइसेंसी राइफल से देवेंद्र पर गोलियां चलाईं, जो उसके सिर और कंधे में लगीं। जिससे वह घायल हो गए घायल देवेंद्र के भाई श्याम बाबू की शिकायत पर पुलिस ने रामेश्वर दयाल चौबे, उनके दोनों पुत्रों समेत अज्ञात –8 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई :** क्षेत्राधिकारी कोच डॉक्टर देवेंद्र पचौरी के अनुसार, एक आरोपी लाइसेंसी राइफल लेकर फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।






लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।